नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 76 ● कटनी ● बुधवार, 19 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## तेजी से फैल रहा कोरोना, मास्क पहनें, भीड़ में जाने से बचें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना केस तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसके साथ ही पाबंदियों का दौर भी शुरू हो गया है। कोरोना की अब तक की लहर का सबसे ज्यादा असर केरल और महाराष्ट्र में देखने को मिला है। इस बार भी यही हो रहा रहा है। केरल और महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश और राजस्थान उन राज्यों में शामिल हैं, जहां केस तेजी से बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि महामारी से निपटने की तैयारी और जरूरी प्रयासों को हम कम नहीं करने देंगे।ताजा खबर पश्चिम बंगाल से है। यहां तेजी से फैलते संक्रमण के बीच ममता बनर्जी सरकार ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ,उपराष्ट्रपति के टैक्स रिटर्न आए सामन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की ओर से 2022 में टैक्स रिटर्न के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए गए हैं। इसके मुताबिक, 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी जिल बाइडन की साझा कमाई 5 लाख 80 हजार डॉलर (4 करोड़ 76 लाख रुपये) रही, जो कि 2021 की 6 लाख 10 हजार 702 डॉलर (करीब 5 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रही। दोनों ने इस कमाई पर 23.8 फीसदी की दर से 1 लाख 37 हजार 658 डॉलर (करीब 1.13 करोड़ रुपये) टैक्स भरा। इतना ही नहीं उनकी कमाई का 3.5 फीसदी 20 चैरिटी को दान देने में भी इस्तेमाल हुआ।

## शहडोल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन में दो माल गाड़ियों में भिड़ंत

# तीन डिब्बे पलटे लोको पायलट की मौत



शहडोल,यशभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के शहडोल उपमंडल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह दो गुड्स ट्रेनों में भिड़ंत हो गई है। घटना में एक लोको पायलट की मौत हुई है और 4 लोग घायल हैं। घायलों में एक लोको पायलट शामिल है और बाकी अन्य कर्मचारी हैं।



**घटना** में मालगाड़ी का ड्राइवर घायल हो गया है और रेल यातायात बाधित है। मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गए हैं। घटना की खबर लगते ही रेलवे के अधिकारी कर्मचारी चौकन्ना हो गए हैं और बचाव कार्य शुरू हो गया है। तीन ट्रेन के आपस में टकराने से रेल महकमे में हड़कंप मच गया। यह घटना सुबह तकरीबन 7.15 बजे की है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि घटना हुई है लेकिन किस तरह से घटना हुई यह जांच के बाद ही बताया जा सकेगा। कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन किन घटना बड़ी है जिसकी जांच की जाएगी। अभी यातायात बाधित है जिसके कारण कटनी और बिलासपुर की ओर से आने जाने वाली ट्रेनों वह माल गाड़ियों को रोका गया है। बचाव कार्य चल रहा है, जल्दी ही आवागमन चालू किया जाएगा।



### होम सिग्नल लाल होने के बाद भी मालगाड़ी आगे बढ़ी

जानकारी के अनुसार एक गुड्स ट्रेन सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर पहले से खड़ी थी। पीछे से दूसरी गुड्स ट्रेन होम सिग्नल को पार करते हुए अनियंत्रित होकर भीड़ गई।होम सिग्नल लाल था इसके बाद भी गुड्स ट्रेन आगे बढ़ गई जिसके कारण यह घटना हुई है। कोयला की रैक लेकर डोमन हिल से संजय गांधी ताप विद्युत गृह जा रही गुड्स ट्रेन 6.00 बजे सिंहपुर स्टेशन पर आकर रुकी थी। इसके बाद पीछे से कोरबा से रैक लेकर गुड्स ट्रेन आई और यह घटना हो गई। घटना में एक गुड्स ट्रेन के 3 इंजन के डिब्बे पलट गए हैं।



## राहुल ने चांदनी चौक में मोहब्बत का शरबत पिया

### दिल्ली के बंगाली मार्केट में गोलगप्पे खाए, लोगों से घिरे नजर आए...

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राहुल गांधी ने मंगलवार शाम दिल्ली के बंगाली मार्केट और चांदनी चौक के बाजारों में गोलगप्पे, चाट और शरबत का लुत्फ उठाया। वे यहां लोगों से घिरे नजर आए। उन्हें देखने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग जमा हुए। एक दिन पहले ही वे कर्नाटक में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। बंगाली मार्केट के नाथू स्वीट्स में राहुल गांधी ने गोलगप्पे खाए। इसके बाद वे पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके गए, जहां रमजान मनाया जा रहा है। चांदनी चौक में उन्होंने मोहब्बत का शरबत नाम का तरबूज शरबत पिया। इसके बाद वे कबाब खाने अल जवाहर रेस्टॉरेंट गए। उनके साथ फूड राइटर और ब्लॉगर कुणाल विजयकर भी थे।कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 23 दिन पहले सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो चुनावी रैली को संबोधित किया। भाल्की में राहुल ने क्क्रमोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी ने 15 लाख रुपए का वादा किया था, 15 लाख रुपए आए क्या? इसलिए हमें क्क्षक की तरह झूठे वादे नहीं करने चाहिए। कांग्रेस जो भी वादा करेगी, उन्हें सरकार बनते ही जल्द से जल्द पूरा करेगी।

## कांग्रेस विधायक के काफिले पर नक्सली हमला

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



छत्तीसगढ़ के बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठीं थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी हैं। सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया था। लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की। हालांकि, सभी वाहन वहां से सुरक्षित निकल गए हैं।

## ओडिशा में दो बच्चों की कुत्तों से शादी कराई

### अंधविश्वास - बुरी आत्माओं को दूर करने के लिए की रस्में

■ भुवनेश्वर, एजेंसी।



ओडिशा के बालासोर में बुरी आत्माओं को दूर करने के लिए दो नाबालिग बच्चों की शादी कुत्तों से कराई गई। 11 साल के तपन सिंह की शादी की शादी फीमेल डॉग से और 7 साल की लक्ष्मी की शादी मेल डॉग से कराई गई। इसके पीछे लोगों का मानना है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर होती हैं। दोनों बच्चे बंधसाही गांव के हो ट्राइबल हैं। दोनों बच्चों के दांत आने शुरू हुए तो पहले ऊपरी जबड़े में दांत आए। इसके बाद ही उनके परिवार ने कुत्तों की तलाश शुरू कर दी क्योंकि उनकी मान्यता थी कि पहला दांत ऊपरी जबड़े में आना अपशकुन होता है। जैसे ही उन्हें मेल और फीमेल कुत्ते मिले, उन्होंने दोनों बच्चों की उनसे शादी करा दी। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि कम्युनिटी की परंपराओं के मुताबिक, दोनों शादियों की रस्में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरी हुई। इसके बाद पूरी कम्युनिटी के लिए भोज का आयोजन किया गया था।उन्होंने बताया कि समुदाय की मान्यता है कि अगर कोई अपशकुन है तो वह शादी होते ही कुत्तों पर ट्रांसफर हो जाएगा। हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, यह सिर्फ एक अंधविश्वास है जो बुजुर्गों से नई पीढ़ी को ट्रांसफर किया गया है।

## सोनीपत में 2 युवकों से दरिंदगी

■ सोनीपत, एजेंसी।

सोनीपत के गन्नौर क्षेत्र में 2 युवकों को बंधक बनाकर बुरी तरह से मारा पीटा गया। एक युवक को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। पेट्रोल से कपड़ा भिगोकर डंडे से बांधा और उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। साथ ही आरोपियों ने उनके परिजनों को फोन कर छोड़ने के नाम पर 2 लाख रुपए की फिरौती मांगी। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए पानीपत के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना गन्नौर के स्ङ्ग सतबीर सिंह ने बताया कि सूचना के बाद वे अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि सरफराज को खानपुर मेडिकल भेजा गया है। फिर पता चला कि वो पानीपत के सुनील अस्पताल में दाखिल हे। वहां पहुंच कर डॉक्टर से बात की तो डॉक्टर ने उसे बयान देने में अन फिट बताया।उसके साथी तसलीम की शिकायत पर पुलिस ने गफ्फार, शकील, प्रवेश, सत्तार व एक अन्य के खिलाफ धारा 323/ 387/ 379B/ 342/ 377/ 506/ 34 IPC के तहत केस दर्ज किया है।

## अतीक और अशरफ के तीनों शूटर्स की पेशी एसआईटी ने मांगी पुलिस रिमांड की अर्जी

■ प्रयागराज, एजेंसी।



अतीक और अशरफ की हत्या के आरोपित शूटर मोहित उर्फ सनी सिह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्या की बुधवार को कोर्ट में पेशी होगी। तीनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पुलिस पेश करेगी। यहां एसआइटी की ओर से अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए जाने की अर्जी दी गई है। अभियुक्तों की पेशी को देखते हुए कचहरी के भीतर और बाहर सुरक्षा का कड़ा पहरा रहेगा। पुलिस के साथ ही पीएसी और आरएएफ की भी तैनाती की गई है। इससे पहले प्रयागराज के मरियाडीह में मारे गए माफिया से नेता बने अतीक अहमद की बहन के गांव में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी गुड्डु मुस्लिम और शाइस्ता परवीन (अतीक अहमद की पत्नी) की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। विशेष जांच दल (एसआइटी) ने माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की विवेचना शुरू कर दी है। मंगलवार को एसआइटी ने धूमनगंज और शाहगंज थाने के डिजिटल वीडियो रिकार्डर (डीवीआर) को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही अभिरक्षा में लगे कई पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज किया गया।

## साल का पहला हाइब्रिड सूर्य ग्रहण कल, भारत में नजर नहीं आएगा

■ भोपाल, यशभारत।



20 अप्रैल को सूर्यग्रहण संकर या हाइब्रिड किस्म का होगा। यह दुर्लभ नजारा आसमान में दिखने वाला है। यह चूक गए तो अगला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 2031 में आएगा। यानी आठ साल इंतजार करना पड़ेगा। खास बात यह है कि एक क्षेत्र विशेष में यह ग्रहण पूर्ण या खग्रास सूर्यग्रहण होगा। वहीं, कुछ इलाकों में यह एन्यूलर या कुंडलाकार या वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। कुछ इलाकों के लिए आंशिक सूर्यग्रहण होगा। भारतीय खगोलप्रेमी जरूर इस बात से निराश हैं कि यह नजारा वे देश में नहीं देख सकेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि तीनों तरह के ग्रहण एक साथ दिखेंगे। इस वजह से इसे हाइब्रिड सोलर एक्लिप्स या संकर सूर्य ग्रहण कहा जाएगा। यह कितना दुर्लभ है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि इस सदी में 224 सूर्यग्रहण होंगे। इनमें सात सूर्य ग्रहण ही हाइब्रिड होंगे। पिछला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 10 साल पहले तीन नवंबर 2013 को हुआ था। वहीं, अगला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 15 नवंबर 2031 को पड़ रहा है। यानी आठ साल इंतजार करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया व दक्षिणी गोलार्द्ध में दिखेगा

यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। इसे पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के साथ ही दक्षिणी गोलार्द्ध में देखा जा सकेगा। सारिका का कहना है कि इस दुर्लभ सूर्यग्रहण में पूर्ण या वलयाकार ग्रहण की स्थिति को दुनिया के लगभग चार लाख से कुछ कम ही लोग देख सकेंगे।

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को लगा बड़ा झटका

## सिंगापुर से भारत डिपोर्ट हुआ करीबी गुर्गा अबू सावंत



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय एजेंसियों को विदेश में एक और बड़ी सफलता मिली है. अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के बेहद करीबी गुर्गे व फाइनेंस हैंडलर संतोष सावंत उर्फ अबू सावंत को सिंगापुर से डिपोर्ट करके भारत लाया गया है. केंद्रीय एजेंसियों और मुम्बई क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई के बाद उसे सिंगापुर से डिपोर्ट करके दिल्ली लाया गया. दिल्ली में अबू सावंत को सीबीआई ने अपनी कस्टडी में लिया है. पिछले दो दशकों से छोटा राजन का यह गुर्गा फरार चल रहा था. इसके खिलाफ मकोका सहित कई अन्य मामले दर्ज हैं।

## पिता से शादी का खर्च पाना हर बेटी का अधिकार

### संपत्ति कुर्क करने की याचिका खारिज करते हुए केरल HC ने कहा- इसका धर्म से लेना-देना नहीं

■ तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।




केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि हर अविवाहित बेटी को अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार है, भले वो किसी भी धर्म की हो। जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और पीजी अजीत कुमार ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। बेंच के सामने मुद्दा था कि क्या एक ईसाई बेटी अपने पिता की अचल संपत्ति या उससे होने वाले मुनाफे से शादी के खर्च हिस्सा हासिल कर सकती है। हालांकि बाद में याचिका खारिज कर दी गई। कोर्ट ने कहा, च्चकिसी के धर्म के आधार पर यह दावा नहीं किया जा सकता है कि उसे कुछ नहीं मिलेगा, कुंवारी बेटी का अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार कानूनी है।

### बेटियों ने लगाया था पिता के खिलाफ केस

केरल हाईकोर्ट में पहुंचे केस में याचिका करने वाली दो बेटियां हैं, जो माता-पिता के बीच चल रहे केस के कारण पिता से अलग रहती हैं। बेटियों के मुताबिक उनके पिता ने पत्नी के जेवर और ससुराल से मिले पैसों से प्रॉपर्टी खरीदी थी। बेटियों ने हाईकोर्ट में यह भी कहा कि उनके पिता ने पढ़ाई के खर्च के साथ किसी भी तरह से उनकी मदद नहीं की। हालांकि पिता का कहना है कि उसने बेटियों के एजुकेशन का पूरा खर्च उठाया है। बावजूद इसके उसकी पत्नी उससे दुश्मनी रखती है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

## हीटवेव का तांडव

### गर्मी और लू की चपेट में 7 राज्य, कई राज्यों में चलेगी आंधी-गिरेगा पानी



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 5 दिनों तक पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र और कई क्षेत्रों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी. आईएमडी ने उत्तर प्रदेश और सिक्किम में हीट वेव का अनुमान जाहिर किया है। पंजाब और हरियाणा में भी हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी. आईएमडी के मुताबिक एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके चलते पश्चिमी हिमालय और आसपास के मैदानी क्षेत्रों में बारिश हो सकती है. इस मौसमी सिस्टम के चलते उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है और छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। वैसे समूचा उत्तर भारत गर्मी और लू की चपेट में है। कई राज्यों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर और प्रयागराज में 44.2 तो दिल्ली में 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मप्र के 24 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा। पटना में अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके पहले 26 अप्रैल, 1980 को पटना का तापमान 44.6 दर्ज किया गया था।

### गर्मी के कारण बदला गया स्कूलों का समय

तेज लू के कारण कई राज्यों में स्कूलों के समय में भी परिवर्तन कर दिया गया है। इनमें बिहार, बंगाल और झारखंड शामिल है। बंगाल भी तेज गर्मी पड़रही है। कोलकाता में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों को लेकर मौसम विभाग ने सतर्क किया है।

### मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की वेदर रिपोर्ट

मप्र के खजुराहो में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रहा। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ ने हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने से बुधवार और गुरुवार को गर्मी से कुछ राहत मिलने आसार हैं। बुधवार को दिल्ली में भी दिन भर बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। हल्की बरसात भी होगी।

### पहाड़ी राज्यों में हिमपात

जहां एक तरफ मैदान इलाके गर्मी की मार झेल रहे हैं, वहीं पहाड़ी राज्यों में हिमपात हो रहा है। मंगलवार को शिमला में कुछ क्षेत्रों में आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई। शिकुला दर्रे में हिमपात के कारण मनाली-शिकुला-पददुम मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। 21 अप्रैल तक किन्नौर व लाहुल स्पीति को छोड़ बाकी जिलों में आंधी के साथ भारी वर्षा और ओलावृष्टि होने की चेतावनी है।

## बीजेपी 25 सितंबर को मनाएंगी कार्यकर्ता महाकुंभ

### कोर ग्रुप की बैठक में रखी नाराज कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट



■ भोपाल, यशभारत।

भारतीय जनता पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में हुई। जिसमें बताया गया कि भाजपा के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन 25 सितंबर को पार्टी कार्यकर्ता महाकुंभ मनाएगी। प्रदेश के सभी बूथों पर आयोजन होगा। इसके साथ ही आगामी 5 महीने के कार्यक्रमों के कैलेंडर को अंतिम रूप दिया गया है। भाजपा 64 हजार बूथों तक अपनी पकड़ को और मजबूत करने फिर से बूथ विस्तार अभियान भी चलाएगी। कोर कमेटी में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लेकर जाएं और आम जनता को बताएं। प्रधानमंत्री आवास से लेकर लाड़ली बहना योजना, युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार के साथ युवा नीति का कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेंगे। योजनाओं के हितग्राहियों को भी पार्टी से जोड़ा जाएगा।बैठक में 14 वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रदेशभर का दौरा कर लिए गए फीडबैक की रिपोर्ट पर कोर ग्रुप में कार्यकर्ताओं की नाराजगी की बात बताई गई। बैठक में असंतुष्ट और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए संवाद शुरू करेंगी। पार्टी छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं की नाराजगी को दूर करेंगी। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। वरिष्ठ नेताओं का लाभ लेने के लिए भी कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का लाभ लिया जाएगा।

### मन की बात के 100 एपिसोड पर कार्यक्रम

30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड को हर बूथ पर 100 कार्यकर्ता सुनेंगे। पार्टी के बूथ कार्यकर्ता से लेकर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता भी बूथ पर पहुंचेंगे। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर जून महीने में 9 साल पूरे होने जा रहे हैं। 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मप्र भाजपा ने 15 मई से 15 जून तक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं से लेकर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, मंत्री और सांसद-विधायक बूथ स्तर तक जनता से संपर्क करने जाएंगे।

### यह पदाधिकारी शामिल हुए बैठक में

कोर ग्रुप बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह प्रभारी शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, सह प्रभार रामशंकर कठेरिया, सत्य नारायण जटिया, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री नरोत्तम मिश्रा, हरिशंकर खटीक, लाल सिंह आर्य सहित कोर ग्रुप के अन्य सदस्य शामिल हुए।

## स्विट्जरलैंड से भेजी गई संघ समर्थक इनायत के स्कूल को उड़ाने की धमकी वाली ई-मेल

■ इंदौर, ईएमएस।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े इनायत हुसैन के देहली इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाली ई-मेल स्विट्जरलैंड से भेजी गई थी। जांच में इसका खुलासा होने के बाद अब इंदौर पुलिस इसे भेजने वाले तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की मदद ले रही है। आशंका है कि ई-मेल जमीन विवाद के कारण भेजा गया है। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल तकनीकी जांच में जुटी है।हज कमेटी के अध्यक्ष रहे इनायत हुसैन का धार रोड़ पर देहली इंटरनेशनल है। 14 अप्रैल को स्कूल की ई-मेल आइडी पर mikesean~xv@proton.me से संदेश आया था। इसमें तीन घंटे में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। 15 अप्रैल को स्कूल की कोआर्डिनेटर राजश्री पुरोहित ने ई-मेल देखने के बाद इनायत हुसैन को इसकी जानकारी दी और चंदन नगर थाने में केस दर्ज कराया गया।

# गर्मी का सितम: झुलसाती धूप और लू के थपेड़े छुड़ा रहे लोगों के पसीने

## 12 बजे के बाद होने लगा सड़कों पर सन्नाटा, रात में गर्मी के साथ उमस से लोग बेहाल, स्कूली बच्चों की फजीहत

**कटनी यशभारत।** पूरे मध्य प्रदेश में अब गर्मी अपने शबाब पर आ गई है। कटनी इससे अछूता नहीं है। जिले में बीते तीन दिनों में 5 डिग्री तक पारा बढ़ा है। दिन में सुबह से ही तेज धूप लोगों को घर में कैद कर रही है तो वहीं रात भी भारी उमस के कारण लोगों का जीना दुश्वार किए हुए है। अप्रैल के मध्य में यह हाल है तो आने वाले मई जून कैसे कटेगा यह सोचकर हर कोई घबरा रहा है। कटनी में सोमवार को प्रदेश के दर्जन भर से अधिक शहरों की तरह पारा 40 डिग्री के पार रहा, यहां तक की देश के सबसे अधिक तपन वाले शहरों में भी मध्य प्रदेश ने अपनी जगह बना ली है। मध्य प्रदेश के खजुराहो और राजगढ़ देश के टॉप 10 सबसे अधिक तपने वाले शहरों में शामिल हो गए हैं.



### खजुराहो में 43 डिग्री रहा तापमान

कटनी से सटे बसे जिलों में पारा रिकार्ड तोड़ रहा है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में गर्मी अब तपने लगी है. प्रदेश के दर्जन भर से अधिक शहरों में पारा 40 डिग्री के पार चल रहा है, कटनी के पास पन्ना, दमोह, उमरिया और जबलपुर में भी यही हालात हैं जबकि मध्यप्रदेश ही नहीं देश के सबसे अधिक तपने वाले 10 शहरों की सूची में भी कटनी केसमीपी जिले छतरपुर के खजुराहो ने स्थान बना लिया है। इसी सूची में मप्र का खजुराहो 7वें नंबर, जबकि राजगढ़ 9वें नंबर पर आ गया है। इन दोनों ही जगहों का पारा 43 डिग्री के पार रहा। दिनों दिन सूर्य की तेजी है।

### दर्जन भर शहरों में पारा 40 पार

मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के दस शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग के अनुसार कटनी की तरह सागर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, नरसिंहपुर, उमरिया, नौगांव, जबलपुर, खरगोन, सतना, रीवा में तापमान 40 डिग्री के पार रहा, जबकि दिन भर धूप की चुभन भी रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी अपने और तीखे तेवर दिखाने वाली है।

### खजुराहो के बाद सतना रहा सबसे गर्म, कटनी भी पीछे नहीं

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दर्जनभर शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा, इनमें खजुराहो में सबसे अधिक गर्मी रही. मौसम विभाग के अनुसार खजुराहो में तापमान 43.2 डिग्री रहा, जबकि सतना में 42.4, टीकमगढ़ में 42.0, ग्वालियर में 41.7, नर्मदापुरम में 41.79, नौगांव में 41.4, सीधी में 41.4, रतलाम में 41.2, उमरिया में 41.1 और खरगोन में 41.0 डिग्री रहा। कटनी भी पीछे नहीं था यहां बीते दिन 40 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

### बढ़ी खेतों में आग लगने की घटनाएं

गर्मी का मौसम आ गया है। इन दिनों खेतों और जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। खेत में आग लगने का ऐसा ही मामला बीते दिन जिले के निवार पुलिस चौकी अंतर्गत गांव में सामने आया है। जहां पहाड़ी निवार पंचायत के गांव देवरीसानी में गुरुवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे आग लगने से 20 एकड का गेहूं जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार फसल में आग लगने के कारण पता नहीं चल पाया है। आग लगते ही पूरे पहाडी निवार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते किसानों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसान आग बुझाने में कामयाब नहीं हो सकें। संभावना जताई जा रही है कि गर्मी के कारण फसल में आग लगी या किसी ने बीड़ी सिगरेट पीकर फेंकी।



## अन्नदाता को साथ लेकर चलने भाजपा की प्लानिंग, 23 अप्रैल को बड़वारा में आयोजित होगा विशाल किसान सम्मेलन

**कटनी, यशभारत।** चुनावी वर्ष में किसानों के दम पर भाजपा सत्ता की डोर थामने के लिए गंभीर हो गई है। किसान सम्मान निधी तथा किसानों के लिए हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणा और केन्द्र की तमाम योजनाओं को लेकर भाजपा किसानों को अपने पक्ष में करने के लिए तहसील स्तर पर सक्रिय होगी। इसी क्रम में आगामी 23 अप्रैल को बड़वारा में भाजपा किसान मोर्चा का विशाल किसान सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी का आगमन होगा। सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में भाजपा किसान मोर्चा की कामकाजी बैठक इंडियन कॉफी हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे भाजपा जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने बताया की आगामी 23 अप्रैल 2023 को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के सानिध्य में किसान सम्मेलन किया जाना है, जिसमे हजारों की संख्या में कटनी जिले के सभी अन्नदाता किसान बंधु सम्मेलन सम्मिलित होंगे कार्यक्रम मेंप्राकृतिक कृषि करने वाले किसान परिवारों को सम्मानित भी किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने भी किसान सम्मेलन की सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में किसान मोर्चा जिला महामंत्री अवध प्यासी, जिला उपाध्यक्ष उदयभान सिंह, प्रदीप काछी, ब्रजनंदन पटेल, जिला मंत्री इंद्रा मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय, मीडिया प्रभारी दीपक गौतम, सोशल मीडिया प्रभारी शिवप्रकाश चक्रवर्ती, मंडल अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया, सचिन विश्वकर्मा, सोनेलाल गुड्डू साहू, दिनेश सिंह भदौरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि सेन जी की जयंती, ढोल नगाड़े के साथ निकाली शोभायात्रा

**कटनी, यशभारत।** रीठी में सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सोमवार को रीठी क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं ढोल-नगाड़े व डीजे के साथ विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। समूचे रीठी क्षेत्र के सेन बंधुओं द्वारा ग्राम पंचायत मुहांस में स्थित शिव मंदिर में कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद हवन-पूर्णाहुती व भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही मंदिर प्रांगण में समाजिक लोगों द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। तथा शाम 4 बजे सेन समाज सेवा संगठन द्वारा समाज के सभी वरिष्ठ जनों को तिलक लगाकर फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात शिव मंदिर प्रांगण मुंहास से ढोल-नगाड़े व डीजे के साथ रथ में जीवंत झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो रीठी नगर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण पहुंची।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

विशाल शोभायात्रा पैदल ही रीठी नगर का भ्रमण करते हुए न्यू कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची। जहां से पुनः जुलूस शिव मंदिर प्रांगण मुहांस पहुंचा। विशाल शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं स्टाल लगाकर लोगों द्वारा जुलूस में शामिल लोगों को शीतल जल व शर्बत पिलाया गया। वहीं रीठी नगर के बस स्टैंड परिसर में मुस्लिम सामुदाय के लोगों द्वारा भी शीतल शर्बत पिलाकर जुलूस का स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन शाम सात बजे शिव मंदिर मुहांस में सेन जी महाराज की पूजा अर्चना व महाआरती के बाद किया गया। कार्यक्रम के अंत में जन सहयोग सेन समाज संगठन भारत के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बिंजन श्रीवास द्वारा समाज के सभी जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सोहन सेन, कमल नयन सेन, गोवर्धन सेन, विनोद सेन, संजय सेन, सुशील सेन, महेंद्र सेन, तुलसी सेन, कन्छेदी सेन, बीरन सेन, राहुल सेन, सोनू सेन मंजा, अर्जुन सेन, बसंत सेन, अशोक सेन, भगवान सेन, राधेलाल सेन, निंजू सेन, कंचन सेन, प्रसादी सेन, घनश्याम सेन, नंदकिशोर सेन, राजा सेन, गनपत सेन, रामभगत सेन, रामलाल सेन, सुरेश सेन, रामदयाल सेन, मनोज सेन, बलिराम सेन, रमेश सेन, लखन लाल, डाक्टर रामदास सेन, मुन्ना सेन, दीपक सेन, बेजनाथ सेन किशोरी सेन, रामप्रसाद सेन, बबलू सेन, गुड्डा सेन, पंचम सेन, गंगाराम सेन,लखन लाल सेन, शिवप्रसाद सेन, राहुल सेन, अरुण सेन , दिलीप सेन, रामशरण सेन, परशोत्तम सेन, दयाशंकर सराठे, सुनील सेन, कमलेश सेन, रेवा सेन, मुकुन्दी सेन,मूलचंद सेन,शीतल कुमार सेन,घनश्याम सेन शिवचरण सेन रमेश सेन पप्पू सेन, सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे

# सच्ची खुशी पाने के लिए हमे पहले दूसरों को खुशी बांटनी होगी

## झूलेलाल भवन में आयोजित सिंधी सम्मेलन में बिलासपुर से आई बीके राखी बहन के उद्गार

**कटनी, यशभारत।** कटनी में सिंधी सम्मेलन का आयोजन गत दिवस किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग शामिल हुए। आधुनिक युग में काफी लोग ऐसे हैं, जिनके पास सुख-सुविधा तो बहुत है, लेकिन खुशी और शांति नहीं है। किसी भी व्यक्ति को शांति क्यों नहीं मिलती । सच्ची खुशी पाने के लिए हमें पहले दूसरों को खुशी बांटनी होगी। इसी प्रकार शांति पाने के लिए हमें दूसरों को शांति देनी होगी।

खुशी एक मुकाम या लक्ष्य मात्र नहीं है, लेकिन खुशी-खुशी कार्य करना ही जिंदगी है। उक्त आशय के विचार नई बस्ती स्थित सिंधी झूलेलाल भवन में आयोजित सिंधी सम्मेलन में बिलासपुर से आई बीके राखी बहन ने व्यक्त किए। उन्होने आगे कहा कि योग आपको खुद से जोड़ने में मदद करता है यह शरीर को मन से ,मन को आत्मा से और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने ने मदद करता है जिंदगी में खुशी सकारात्मक और आनंद लाने का सबसे कारगर तरीका है राजयोग मेडिटेशन। रवि नानकानी, नीलम जगवानी अध्यक्ष सिंधी काउसिल आफ इंडिया और प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन के तत्वावधान मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राखी बहन , कांता दीदी शालू दीदी विनीता दीदी श्रीवत्स महाराज,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पीताम्बर टोपनानी अध्यक्ष कटनी विकास प्राधिकरण, रणवीर कर्ण भाजपा जिलाध्यक्ष, राजकुमार नानकानी अध्यक्ष सिधु सेवा समिति का सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बी के लक्ष्मी बहन और अन्य बहनो द्वारा स्वागत सम्मान से हुआ । कार्यक्रम मे सभी मंचासीन अतिथियो ने अपने अपने आध्यात्म विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर पूर्व महापौर आशा कोहली, महेश कुमार बसेरा , दुर्गा बहन, सविता बहन, सुमन बहन, नेहा, ज्योति, पूजा, सुरेश भाई, संजय भाई, लोकचंद भाई का सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन नीलम जगवानी ने किया ।



# डीबीटी खाते के लिए बैंकों में लाड़ली बहना परेशान, फार्म बना टेंशन

## सुबह से प्रमुख बैंकों में लग जाती है भीड़, रोजाना के कामकाज प्रभावित

**कटनी, यशभारत।** डीबीटी खाते के लिए कटनी के तमाम बैंक विशेष तौर पर यूनियन तथा एसबीआई बैंकों में काफी भीड़ है यह भीड़ किसी और की नहीं उन लाडली बहना हितग्राहियों की है जो लाडली बहना योजना का फायदा लेना चाह रहीं हैं। समग्र से आधार लिंक के आसान होने, फार्म भरने की प्रक्रिया को भी आसान बनाने के बाद अब बैंकों के खातों के डीबीटी अर्थात डायरेक्टर बेनिफिट्स ट्रान्सफर एनेबल्ड होना जरूरी बताया जा रहा है। लिहाजा बैंकों में फार्म भरना फिर उसे जमा करने कतारें दिख रही हैं। बहना परेशान हैं फार्म टेंशन बना है। बता दें कि लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही का डीबीटी खाता लिंक होना अनिवार्य है। मुख्यमंत्री द्वारा जारी योजना लाड़ली बहना योजना में पात्र हितग्राहियों का खता डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर लिंक होना जरुरी है। बहरहाल सीएम की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना आमजनों के लिए बैंकों में मुसीबत बनी हुई है। बैंकों में डीबीटी करवाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं बैंक पहुंच रही हैं। डीबीटी पहले करवाने के चक्कर में जहां महिलाएं आपस में विवाद कर रही हैं वहीं आम उपभोक्ता भी परेशान हो रहे हैं। वहीं बैंक कर्मी भी परेशान हो रहे हैं। डीबीटी खाता किसी भी कल्याणकारी योजनाओं के लिए सब्सिडी लाभ सीधे जनता के बैंक खातों में स्थानांतरित करना है। अगर आपका खाता डीबीटी एनेबल्ड है तो यह कुछ तरीको से पता लगाया जा सकता है जैसे एटीएम, माइक्रो एटीएम या किसी बैंक मित्रा का उपयोग करके कोई भी व्यक्ति अपने डीबीटी खाते की जांच कर सकता है। इसके अलावा बैंक आपके बैंक खाते में लेनदेन होने पर एसएमएस अलर्ट भेजता है।



### डीबीटी क्रेडिट क्या है?

भारत सरकार के बैंक खातों में सब्सिडी ट्रांसफर करने के तंत्र को बदलने के लिए 1 जनवरी 2013 को डीबीटी लॉन्च किया गया। सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से सब्सिडी ट्रांसफर करती है जो जनता के लिए सरकार का एक क्रेडिट है।

### डीबीटी बैंक खाता कैसे बदल सकते हैं

आधार के साथ डीबीटी बैंक खाते को बदलने के लिए व्यक्ति को अपनी नजदीकी बैंक शाखा में जाना होगा। डीबीटी खाते को बदलने के लिए किसी को वांछित बैंक के लिए विधिवत भरा ग्राहक सहमति फॉर्म जमा करना होगा।

### डीबीटी क्यों जरूरी

सरकारी स्कूल के छात्रों को लाभों के वितरण गया था। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा में स्वचालन, डिजिटल प्रमाणीकरण और डिजिटलीकरण द्वारा मौजूदा प्रक्रियाओं में सुधार करने की समझ का निर्माण किया गया आदि। इसी से जुड़ा एनपीसीआई का मतलब है नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया जो भारत में सभी रिटेल पेमेंट सिस्टम के लिए छाते की तरह है। एनपीसीआई ने 150 मिलियन से अधिक बैंक खातों को आधार संख्या से जोड़ा है जो 170 मिलियन से अधिक के एनपीसीआई खातों की संख्या के निकट है।

### समिति करेगी फार्मो का सत्यापन

लाडली बहना के आवेदन फॉर्म भरने के बाद उसकी जांच कर अनंतिम सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण आपत्ति निराकरण समिति द्वारा किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र, नगर परिषद एवं नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग अधिकारियों को अधिकृत किया जाएगा। सूची प्रकाशित होने के 15 दिवस में अपनी आपत्ति आवेदक को देनी होगी।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 19 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# विपक्ष के विरोध के चलते पारित नहीं हो सका अपूर्ण बजट




## पार्षदों के प्रश्नों को गंभीरता से नहीं लेने पर जारी होगा कारण बताओ नोटिस

## कांग्रेस ने कहा : बजट में स्थावर संपत्तियों की जानकारी नहीं, निगमाध्यक्ष के निर्देश पर अगली बैठक में होगी चर्चा

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम परिषद के सामान्य सम्मिलन में बजट एवं नगर निगम की स्थावर संपत्तियों का मुद्दा छाया रहा। सम्मिलन जैसे ही शुरू हुआ, वैसे ही विपक्ष ने बजट में स्थावर संपत्तियों का ब्यौरा होने को लेकर सवाल उठाया। बजट को अपूर्ण बताते हुए कांग्रेस पार्षदों ने बजट का विरोध किया। विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच न तो महापौर प्रीति सूरी बजट का वाचन कर पाईं और न ही बजट पारित हो सका। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक के चलते नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने बजट पढ़ने हेतु समय की मांग किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधयाक संदीप जायसवाल भी पहुंचे और उन्होंने गोलबाजार रामलीला मैदान में ऑडीटोरियम के टेंडर होने के बाद भी काम शुरू नहीं किए जाने को लेकर नगर निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया। नगर निगम परिषद सभाकक्ष में मंगलवार की दोपहर 12 बजे से सामान्य सम्मिलन



आयोजित किया गया। बैठक में तीन प्रश्नों के जवाब के बाद महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार पर चर्चा होनी थी। इसके बाद 4 प्रमुख प्रस्तावों पर मुहर लगनी थी। शुरुआती दौर से ही बैठक में कांग्रेस पार्षद मिथलेश जैन, मौसूफ अहमद ने जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा कर निर्णय लिया जाना था। बजट पर चर्चा के लिए नगर निगम सचिव पारस प्रजापति ने प्रस्ताव पढ़ा।

इसके बाद महापौर प्रीति सूरी द्वारा बजट पढ़ा जाना था। महापौर बजट पढ़ नहीं पाईं और बजट को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। पार्षद मिथलेश जैन ने कहा कि बजट सम्मिलन में नगर निगम की समस्त स्थावर संपत्तियों के ब्यौरे का प्रकाशन सहित सूची एजेंडे के साथ सदस्यों को भेजना था, लेकिन नहीं भेजा गया। पार्षदों ने नियम का उल्लंघन बताते हुए पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए अगली बैठक तय कर चर्चा कराने कहा, जिस पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने मुहर लगा दी। निगम सम्मिलन के अंत में पूर्व पार्षद डॉ एम एच खान के आकस्मिक निधन पर सदन द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजली अर्पित की गई।

### शुभ सिटी में बंधक भूमि को बेचने का मुद्दा उठा

पार्षद मिथलेश जैन ने शहर की कॉलोनियों में बदहाल स्थिति सहित शुभ सिटी में बंधक भूमि को बेचने, बिजली समस्या को उठाया। पार्षद मौसूफ अहमद ने कहा कि प्रश्नों के समय पर जवाब नहीं आए। संबंधित पर कार्रवाई की जाए। आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने कहा कि जानकारी दी गई है, तो पार्षद ने कहा नहीं मिली। इस दौरान पार्षद राजेश भास्कर ने भी कहा कि संक्षेपिका में कोई जानकारी नहीं है। अध्यक्ष मनीष पाठक ने संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि दोबारा ऐसी गलती न हो, यह घोर लापरवाही है। इस तरह से नहीं चलेगा। प्रश्नकाल में हर पार्षद को जानकारी दी जाए। उन्हें संतुष्ट करना होगा।

### टेंडर जारी होने के बाद ऑडीटोरियम निर्माण का कार्य शुरू नहीं : विधायक

परिषद की बैठक में विधायक संदीप जायसवाल भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि गोलबाजार रामलीला मैदान में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए ढाई करोड़ रुपए आए हैं। रामलीला मंचन के लिए ऑडिटोरियम निःशुल्क मिलना है। टेंडर जारी होने के बाद भी नगर निगम काम शुरू नहीं करा पा रही है। इसमें किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए।



### चर्चा शुरू होते ही कांग्रेस पार्षदों ने दिया नियमों का हवाला

बजट पर चर्चा शुरू होते हुए पार्षद मौसूफ बिट्टू ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि बजट अपूर्ण है। बजट के साथ संपत्तियों का ब्यौरा नहीं है। इस पर चर्चा किया जाना वैधानिक नहीं होगा। जिसका कांग्रेस पार्षदों ने समर्थन किया। इस दौरान नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि जब तक परिषद के सामान्य सम्मेलन में संपत्ति का विवरण नहीं दिया जाता, तब तक बजट बैठक में चर्चा संपादित नहीं की जा सकती। कांग्रेस पार्षद की आपत्ति के बाद बजट पर चर्चा को स्थगित कर दिया गया। पार्षद मौसूफ बिट्टू ने नगर पालिक निगम एवं आयुक्त निवास के निर्माण कार्यों के मानचित्र और वैध दस्तावेजों की मांग की, जिस पर अधिकारी-कर्मचारी बैकफुट पर नजर आए। आयुक्त के सामने यह तथ्य भी आया कि निगम परिसर के अंदर जो नया निर्माण है, उसका भी मानचित्र शुल्क आज तक जमा नहीं किया गया है। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि जब आपके खुद के निर्माण वैध नहीं है तो आप किस अधिकार से शहर में दूसरों के वैध अवैध निर्माण को नोटिस देते हैं। उन पर कार्रवाई करते हैं।

### न्यू सिविल लाइन कहलाएगा कलेक्ट्रेट क्षेत्र एवं सुधार न्यास कॉलोनी

नगर निगम परिषद की बजट बैठक में शहर से लगे विश्राम बाबा वार्ड स्थित सुधार न्यास कालोनी, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पीडब्ल्यूडी कालोनी, कलेक्ट्रट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण, पीएचई कार्यालय, वन विभाग आदि क्षेत्र का नामकरण न्यू सिविल लाईन घोषित किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, इसके अतिरिक्त कई पार्षदों ने भी अपने क्षेत्र के पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं प्रतिष्ठित नागरिकों के नाम से सड़कों का नामकरण कराये जाने की मांग की, जिस पर विधिवत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर निगम की दुकानों से अनुबंध पंजीयन कराया जाकर मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन शुल्क जमा कराये जाने के संबंध में विधिक राय लेकर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु आयुक्त को अधिकृत किया गया। एमआईसी की अनुशंसा पर कायाकल्प अभियान के अंतर्गत शहर में किये जाने वाले निर्माण कार्यों से सदन को अवगत कराया गया, जिस पर सदन द्वारा सहमति प्रदान की गई।

# राशन वितरण में गड़बड़ी, जांच में हुआ खुलासा

### उमरियापान के पिपरिया सहलावन राशन दुकान का मामला, कनिष्ट विक्रेता ने किया घोटाला, होगी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान क्षेत्र के पिपरिया सहलावन गांव में कनिष्ट विक्रेता शिवानी शुक्ला के द्वारा 6 लाख रुपए से अधिक के राशन वितरण में घोटाला किया गया। राशन वितरण में की गई गड़बड़ी की शिकायत के बाद फूड इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा द्वारा की गई। जांच में यह हकीकत सामने आई है। फूड इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा ने कार्रवाई का प्रतिवेदन तैयार ढीमरखेड़ा एसडीएम को भेजा है।

जांच में पहुंचे फूड इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा ने बताया कि कनिष्ट विक्रेता शिवानी शुक्ला द्वारा उपभोक्ताओं के फिंगरप्रिंट लेने के बाद समय पर राशन वितरण किया गया न तो पीओएस मशीन से फिंगरप्रिंट लेने के बाद निकलने वाली रसीद उपभोक्ताओं को दी गई। उपभोक्ताओं को जितना राशन वितरण होना चाहिए। दुकान पर उतना राशन भी जांच के दौरान नही मिला। एसडीएम को भेजे गए प्रतिवेदन में बताया गया कि कनिष्ट विक्रेता शिवानी शुक्ला के द्वारा 6 लाख 9 हजार 372 रुपये के राशन का घोटाला किया गया है। जो कि कनिष्ट विक्रेता से वसूली योग्य है। पिपरिया सहलावन गांव में कनिष्ट विक्रेता द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी करने का मुद्दा और ग्रामीणों की समस्या को लेकर मामला सामने आने के बाद जिले के विभागीय अधिकारियों ने फूड इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा से मामले की जांच कराई। एसडीएम ने कनिष्ट विक्रेता को नोटिस जारी किया। पिपरिया सहलावन राशन दुकान पर कनिष्ट विक्रेता शिवानी शुक्ला द्वारा राशन वितरण में घोटाला के मामले में ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंहमारे ने कनिष्ट विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बुधवार तक कि स्थिति में स्पष्ट जवाब मांगा है। एसडीएम ने कहा कि स्पष्ट जवाब न मिलने पर कनिष्ट विक्रेता के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।



# खरमास समाप्त, लेकिन नहीं होंगे विवाह

### अभी भी कुछ दिन करना पड़ेगा इंतजार, मई से होगी वैवाहिक कार्यों की शुरुआत

**कटनी, यशभारत।** शादियों के इंतजार में लगे हुए लोगों को इस बार मई माह का तक रुकना पड़ेगा। दरअसल इस बार पूरे अप्रेल माह में शादी के मुहूर्त नहीं हैं, जबकि 15 मार्च से लगा खरमास 14 अप्रेल को समाप्त हो गया है, लेकिन इसके बावजूद शादी विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे। इसका कारण यह है कि इस बार गुरु अस्त हैं जो कि 27 अप्रेल के बाद ही उदय होंगे। ऐसे में मई माह से बैंड, बाजा, बारात का धूम धड़ाका नजर आएगा। पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि विवाह जैसे मांगलिक काम के लिए खरमास न होने के साथ ही गुरु ग्रह का उदय होना बेहद जरूरी है। गुरु 28 अप्रेल को दोपहर 12.56 बजे उदय होंगे। इसके बाद से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। 1 मई से विवाह के मुहूर्त होंगे। हालांकि अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर 22 अप्रेल को शहनाई बजेगी। जुलाई से अक्टूबर में भी विवाह मुहूर्त नहीं है। पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि इस साल जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर में भी विवाह मुहूर्त नहीं हैं। इसका कारण यह है कि 18 जुलाई से पुरुषोत्तम मास की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 16 अगस्त को होगा। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे।

### शोभायात्रा से दिया मानवता की सेवा व कल्याण का संदेश

**कटनी, यशभारत।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 723वीं जयंती सोमवार को सेन समाज के द्वारा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत शोभायात्रा से गई। जहां संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का आगाज किया गया। शोभायात्रा बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय से शुरू हुई जो नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल रूपनाथ धाम पहुंची। जहां भगवान भोलेनाथ व पार्वती की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा से मानवता की सेवा व कल्याण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि सेन समाज की समाजिक जीवन में महती भूमिका रहती है, सेन समाज ने समाज को हमेशा सजाने और संवारने का काम किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में उल्लास के बीच मनाया गया नटखट कन्हैया का जन्मोत्सव

### उमरियापान के संयासी महाराज मंदिर में चल रही कथा

**उमरियापान, यशभारत।** नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक संयासी महाराज के मंदिर में आयोजित श्रीमदभागवत में कल मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव अपार भक्तिभाव से मनाया गया। स्वर्गीय ओम प्रकाश पिक्कू चौरसिया की प्रथम पुण्य तिथि में 15 से 22 अप्रैल तक आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा व्यास संतोष त्रिपाठी बड़ी पोंड़ी वाले के मुखार बिंद से रोजाना दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभु की लीलाओं की अमृत वर्षा की जा रही है। जिसमें माताएं, बहने, बुजुर्ग, युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कल चतुर्थ दिवस को कथा के दौरान शाम 7 बजे से कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की सहित सोहर गीत जैसे ही गाए बजाए गए माताएं, बहने, बुजुर्ग, युवा श्रद्धालु अपने आपको थिरकने से नहीं रोक पाए और जमकर थिरतके नजर आए। इस दौरान ऐसा लगा मानो साक्षत कृष्ण भगवान उमरियापान की धरा पर प्रगट हो गए हों। इस दौरान न न प्रकार के व्यंजनों से बनी प्रसाद एवं हरीरा सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर शिवकुमार चौरसिया, बुल्ला चौरसिया, चंदू चौरसिया, नंदू चौरसिया, बलेराम, दीपचंद चौरसिया, जगदीश सोनी, राजू, प्रमोद असाटी, कपिल, सौरभ, शिवम चौरसिया, भांटू, शिवा, प्रदीप, अंशुल चौरसिया, माताएं, बहनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजनकर्ता चौरसिया परिवार बड़ी बखरी ने नगर की धर्मप्रिय जनता से कथा में दोपहर 2 बजे शाम 5 तक पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा का समापन 22 अप्रैल को हवन पूजन के पश्चात भंडारा के साथ संपन्न होगा।



# उमरियापान में चल रहीं अवैध पैकारियां

### कार्यवाही की मांग को लेकर बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में अवैध पैकारियां बंद कराने और रोजाना मुख्य सड़कों में जाम लगने की समस्याओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने उमरियापान पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। नगर के मोहल्लों में अवैध पैकारियों का संचालन बढ़ने से वातावरण खराब हो रहा है। शराब के नशे में मदहोश शराबी मोहल्लों से निकलते समय अभद्र भाषा का उपयोग करते हैं। जिस कारण सभ्य समाज के लोगों का खुद के घरों के बहार खड़े रहना बैठना दुश्वार हो रहा है। अवैध पैकारियों को रोकने के कदम नहीं उठाए गए तो बजरंग दल द्वारा थाने का घेराव किया जाएगा। साथ ही उमरियापान में रोजाना मुख्य सड़कों में 5 से 10 बार जाम लगने से आम जनता को बढ़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में रविवार के दिन सप्ताहिक बाजार लगने से पचासों गांव के लोग आते हैं और इस दिन मुख्य सड़कों में भारी जाम लगने की समस्या कई गुना ब? जाती है। कारण है दुकानदारों का सामान सड़कों तक फैला है और गाड़ियों के आड़े तिरछे खड़े होने से लंबा जाम लग जाता है। जिससे व्यापारियों सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनमानस को जाम लगने से निजात दिलाने के लिए उचित कदम उठाए जाने की ज्ञापन में मांग की गई है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ब्यौहार, संयोजक आशुतोष मिश्रा, पंकज तिवारी, गजराज सिंह ठाकुर, अमन, अंकित बर्मन, उमाशंकर पटेल, अमन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 अप्रैल से कटायेघाट मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन



### मानस मंदाकिनी मोहिता त्रिपाठी के मुखारबिंद से होगा श्री राम नाम का गुणगान

**कटनी, यशभारत।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मन्दिर कटायेघाट में 20 से 28 अप्रैल तक 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कथा व्यास मानस मंदाकिनी मोहिता त्रिपाठी के मुखारबिंद से भगवान राम के आदर्शों व उपदेशों को श्रद्धालुओं के समक्ष रखा जाएगा। मंदिर के पुजारी कमलेश तिवारी ने बताया कि 20 अप्रैल को शाम 4 बजे से कटायेघाट मोड़ से कार्यक्रम स्थल हनुमान मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रतिदिन 3 बजे से 7 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का गुणगान सुनने का सुनहरा अवसर मिलेगा। श्री राम कथा को धूमधाम से सम्पन्न कराने में समस्त क्षेत्रवासियों का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को विशाल कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के हनुमान भक्तों ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में प्रतिदिन कथा सुनकर एवं भंडारे में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### नाम सुधार

मैं सुरेन्द्र कुमार हल्दकार पिता सुदर्शन प्रसाद हल्दकार उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम मटवारा पोस्ट बन्धी थाना व तहसील स्लीमनाबाद जिला कटनी (म.प्र.) मेरे द्वारा पासपोर्ट को रिन्यू कराया जा रहा है। मेरा पासपोर्ट क्र. छ्ह811309 है। जिसमें मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार दर्ज है, जो कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची के अनुसार था। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार हल्दकार दर्ज हैं। सुरेन्द्र कुमार और सुरेन्द्र कुमार हल्दकार दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। मेरा सही नाम सुरेन्द्र कुमार हल्दकार जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज किया जाना है।

पुराना नाम-सुरेन्द्र कुमार
नया नाम-सुरेन्द्र कुमार हल्दकार

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

**ऑल इंडिया रिलीज**



रोजाना 3 शो ता. 21 से 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म

**किसी का भाई किसी की जान**

कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।

नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है

Rate card
Box....120/-
Balcony....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज



21 अप्रेल से
रोजाना 6 शो
10.00 AM (AUDI-1)
12.00 PM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-2)
06.00 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/

**किसी का भाई किसी की जान**

वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है ,लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं

Tickets Available on Book My Show

एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज



21 अप्रेल से
रोजाना 4 शो
09.00 AM (AUDI-2)
01.00 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-1)

**चेंगिज**

कलाकार- जीत, सुस्मिता चेटर्जी, रोहित राय आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं

mgm HOSPITAL

नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी**

डॉ. एस.के.गुप्ता – दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह – M.B.B.S., M.S, F.M.A.S (GEN. & Laparoscopy Surgeon) – कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता – M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist – फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें – 24 घंटे उपलब्ध है – CT Scan, M.R.I., एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, दूरबीन सर्जरी, डायलसिस
डॉ. रवि कुमार – M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) – कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता – मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा – स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट

24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890

07622 405070 www.facebook.com/mgmhrc @mgmkatni mgmhrc mgmhospitalkatni www.mgmhospitalkatni.com info@mgmhospitalkatni.com

## हर जिले में दो-दो वकील तैनात

# भाजपा को कार्यकर्ताओं पर प्रताड़ना का जवाब देने कांग्रेस ने बनाई रणनीति

■ भोपाल, यशभारत।



राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रशासनिक अत्याचार निवारण समिति की बैठक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के निराकरण के लिए बैठक में चर्चा हुई। बैठक के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने के केस कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। सभी केस फ्री में लड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि तहसील कोर्ट से लेकर हाई कोर्ट तक तक पार्टी लड़ाई लड़ेंगी। इसके लिए हर जिले में दो-दो वकील की नियुक्ति की गई है। उनके नंबर सार्वजनिक किए जाएंगे। इसकी मॉनीटरिंग पूर्व एडवोकेट जनरल शंशाक शेखर करेंगे। यदि प्रदेश में कही भी कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ कोई झूठा मामला बनाया जाता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा, जो 24 घंटे काम करेगा।

### अधिकारियों को भी कोर्ट में खड़ा करेंगे

पूर्व सीएम ने कहा कि सागर जिले का दौरा करके आया हूं। वहां पर छोटे-छोटे केस में कार्यकर्ताओं को सताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई केस नहीं होता है तब भी 151 की कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 9 कांग्रेसियों पर जबरन के केस लादे गए है। कांग्रेस के लोगों पर जिला बदर के केस लगाए गए हैं। दिग्गी ने कहा कि अधिकारी ऊपर से दबाव होने की बात कहते हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि गैर कानूनी ढंग से कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को कांग्रेस कोर्ट में खड़ा करेगी। झूठे केस के प्रमाण के लिए पार्टी काम कर रही है। आरटीआई एक्टिविस्ट को भी तैयार किया जा रहा है।

### परिवर्तन संकल्प अभियान शुरू होगा

पूर्व सीएम ने कहा कि परिवर्तन संकल्प अभियान शुरू होने जा रहा है। दतिया, सुरखी, बदनावर में कमलनाथ की सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के सभी 40 प्रकोष्ठों को निचले स्तर पर ले जाने का काम जारी है। दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने वोस्टर लिस्ट में फर्जीवाड़ा किया है। सागर के एक बूथ पर 150 नाम उत्तर प्रदेश के वोटर के जोड़े गए थे। इस पर भी पार्टी काम कर रही है।

## दुकान का ताला तोड़ जब्त की पांच क्विंटल अमानक पालीथिन, 10 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का सर्वे करने के लिए केंद्रीय निरीक्षण दल कभी भी भोपाल आ सकता है। ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल का इस्तेमाल, खरीदी और विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर निगम के साथ अन्य विभागों का अमला भी सक्रिय हो गया है। इसी सिलसिले में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए घाटखेड़ी में स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर पांच क्विंटल अमानक पालीथिन और थर्माकोल से बने बर्तनों को जब्त किया है। इसके साथ ही दुकान संचालक से दस हजार रुपये का स्पाट फाइन भी वसूला गया। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि मालीखेड़ी के पास एक दुकान में प्लास्टिक व थर्माकोल की प्लेट, चम्मच और दोने समेत अन्य बर्तनों का भंडारण किया गया है। गणपति दोना पत्तल नाम की इस दुकान के संचालक राजेश कुमार सेन हैं। इसके बाद एक सयुंक्त टीम बनाकर भेजी गई। जब मौके पर अधिकारी पहुंचे तो पता चला कि राजेश अपनी दुकान में ताला लगाकर किसी पार्टी में गया हुआ है। ऐसे में तीन घंटे तक अधिकारी और कर्मचारी दुकानदार के लौटने का इंतजार करते रहे। लेकिन जब वह वापस नहीं आया तो नायब तहसीलदार सोनिया परिहार ने कर्मचारियों को ताला तोड़ने के निर्देश दिए।



## हेरिटेज वाक कर देसी-विदेशी मेहमानों ने किए भोपाल की प्राचीन धरोहरों के दीदार

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित यूनेस्को सब-रीजनल कांफ्रेंस का आज अंतिम दिन है। आज विश्व धरोहर दिवस भी है। इस अवसर पर मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा यूनेस?को सब-रीजनल कांफ्रेंस के डेलिगेट्स के लिए सुबह च्हैरिटेज वाकज्का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे कमला पार्क से शुरू हुई यह हेडिटेज वाक राजभोज सेतु, गौहर महल, इंडियन टी हाउस से होते हुए इकबाल मैदान और सदर मंजिल पहुंचकर संपन्न हुई। अजय चौहान और सिकंदर ने इसे गाइड किया। इस दौरान देशी-विदेशी मेहमानों ने भोपाल शहर की प्राचीन धरोहरों को देखा और सराहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि भोपाल प्राकृतिक रूप से बहुत सुंदर और समृद्ध है। यहां धरोहरों का खजाना है। बता दें कि सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण, विकास और भविष्य की चुनौतियों पर मंथन करने के लिए यूनेस्को के दो दिवसीय उप-क्षेत्रीय सम्मेलन (सब-रीजनल कान्फ्रेंस) की शुरुआत सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुई है। सुरेश सुरस श्रेष्ठ, संयुक्त सचिव नेपाल ने बताया कि भोपाल आकर बहुत अच्छा लगा, खासतौर से सांची स्तूप देखना अलौकिक था। हमारे यहां भी दो बुद्धिस्ट साइट्स हैं। पिछले दिनों आए भूकंप में 33 वर्ल्ड हेरिटेज साइट पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिन्हें संवारने का कार्य चल रहा है। हेरिटेज रन में शामिल होकर भोपाल की खूबसूरती को भी देखा। इस सम्मेलन में श्रीलंका के बुद्धासना, धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय के सचिव सोमर्थने विदानापथिराना, भूटान के संस्कृति और जोंगखा विकास विभाग के कार्यकारी वास्तुकार कर्मा तेंजिन, नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुरेश सुरस श्रेष्ठ, मालदीव के कला, संस्कृति और विरासत मंत्रालय की परियोजना प्रबंधक ऐशता मुनीजा, बांग्लादेश के सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुब्रत भौमिक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक जाह्नीज शर्मा, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक अनीश पी. राजन उपस्थित रहे।

# आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस ने छह आरोपितों को दबोचा

■ भोपाल, यशभारत।



इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के मैचों पर लोगों से लाखों रूपये के दांव लगवा रहे छह सटोरियों को क्राइम ब्रांच ने सोमवार रात कोलार के ललिता नगर से धर दबोचा है। आरोपितों के पास से 30 हजार रुपये की राशि जब्त की गई है। ये आरोपित ग्वालियर के डबरा से भोपाल आकर लोगों से वाट्सएप पर संपर्क कर उनसे दांव लगवा रहे थे। पूरा काम आनलाइन हो रहा था। क्राइम ब्रांच ने दावा किया है कि यह गिरोह पहली बार पकड़ा गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। आरोपितों के पास एक आइडी मिली है, उसी के जरिए यह काम चल रहा था।क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी अनूप उईके ने बताया कि ग्वालियर के डबरा तहसील में रहने वाले मोहम्मद शाहनबाज, हरिओम गुप्ता, सलमान, छोटा खान, नरेश गोस्वामी और अमन बेग भोपाल आकर इंडियन प्रीमियर लीग पर आनलाइल सटटेबाजी कर रहे थे। उन्होंने कोलार के ललिता नगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। करीब 15 दिन से ये लोग कोलार के ललिता नगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे और कार में सट्टा बुक करते थे। सोमवार रात में क्राइम ब्रांच को इसकी सूचना मिली, जिसकी तस्दीक करने के बाद पुलिस की दो टीमों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने घेराबंदी कर आरोपितों को दबोच लिया। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।



## गांधीनगर में निर्वस्त्र अवस्था में मिली युवती

■ भोपाल, यशभारत।

गांधीनगर इलाके में सोमवार देर रात एक युवती के निर्वस्त्र हालत में मिलने के बाद पुलिस चक्करघिन्नी हो गई। पुलिस ने आनन-फानन में युवती को महिला आरक्षक की मदद से सबसे पहले उसे कपड़े पहनाए और हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल परीक्षण में युवती के साथ किसी तरह की अनहोनी होने की पुष्टि नहीं हुई। इससे पुलिस ने भी राहत की सांस ली। उसके बाद युवती के स्वजनों की तलाश की गई तो वह गांधीनगर के अब्बास नगर की रहने वाली निकली। युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। स?वजन को बुलाकर युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। गांधीनगर थाना प्रभारी ने घटनाक्रम से विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा दिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि इलाके में माधवराव सिंधिया चौराहे के पास सोमवार रात एक विक्षिप्त युवती के नग्न अवस्था में घूमने की सूचना मिली थी।

## रिटायर्ड ज्वाइंट डायरेक्टर ने डॉक्टर बहू को पीटा

■ भोपाल, यशभारत।

**पति से विवाद के बाद सास-ससुर के साथ रह रही थी महिला**

भोपाल के अवधपुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने ससुर-सास के खिलाफ मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का मामला दर्ज कराया है। वहीं, ससुर ने भी बहू के खिलाफ मारपीट का काउंटर केस दर्ज कराया है। अवधपुरी पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। महिला डॉक्टर का आरोप है कि उसके सास-ससुर उसे 14 साल से प्रताड़ित कर रहे हैं। पति से विवाद के कारण वह उनके साथ रहने आई तो मारपीट करने लगे। दीपा होम्स अवधपुरी में रहने वाली 39 वर्षीय डॉक्टर मीनाक्षी पटेल ने पुलिस को बताया कि उनके पति प्रदीप सिंह सोनभद्र स्थित अल्टाट्रेक कंपनी में सहायक प्रबंधक हैं। वे वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र दीपड़ी में पदस्थ हैं। उनकी शादी करीब 15 वर्ष पहले हुई है। ससुर सत्यथान सिंह खनिज विभाग में संयुक्त संचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। एक दिन पहले मामूली बात पर ससुर सत्यभान सिंह ने उनके साथ मारपीट की और जब वे घटना का वीडियो बनाने लगीं तो उन्होंने मेरा मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायत करने के बाद अवधपुरी पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया हैपीड़िता के अनुसार चार वर्ष पहले तक वह पति के साथ रहती थी। सास-ससुर उसे परेशान करते थे, इसलिए पति के साथ रहती थी। पति के रवैये से परेशान होकर वह भोपाल में सास-ससुर के साथ रहने आ गई। महिला का आरोप है कि पति से खटपट के चलते उसके सास-ससुर उससे नाराज रहते हैं और छोटी-छोटी बात पर उसे प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। महिला डॉक्टर का आरोप है कि बच्चों को तैयार करने को लेकर ससुर ने ताना माना, मैंने विरोध किया तो गाली देने लगे। इसक बाद हाथापाई करने के लिए उसकी तरफ आगे बढ़े तो उसने वीडियो बनाने के लिए मोबाइल निकाला।



## बेंगलुरु के लिए सायंकालीन उड़ान शुरू होगी

■ भोपाल, ईएमएस।

राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट से 24 घंटे उड़ान संचालन के आदेश इसी माह जारी हो सकते हैं। एयरपोर्ट अथारिटी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ के जवानों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार 24 घंटे उड़ान संचालन के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। स्टाफ एलोकेशन का काम भी पूरा हो गया है। सुरक्षा बल के जवानों की संख्या बढ़ने के बाद अथारिटी के मुख्यालय से औपचारिक आदेश जारी होगा। आदेश मिलते ही भोपाल से रात्रि 10 के बाद भी उड़ानों का संचालन हो सकेगा। वर्तमान में एयरपोर्ट सुबह छह बजे खुलता है और रात्रि 10 के बजे के बाद किसी भी उड़ान को स्लाट नहीं दिया जाता।

## सिटी बस ने मारी बुजुर्ग स्कूटर सवार को टक्कर, मौत

■ भोपाल, ईएमएस।

कोहेफिजा क्षेत्र में हलालपुर और बैरागढ़ के बीच तेज रफ्तार सिटी बस ने एक स्कूटर सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसा सोमवार शाम करीब सवा छह बजे ईसाई कब्रिस्तान के पास घटित हुआ। इस हादसे में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई थीं। घायल बुजुर्ग को राहगीरों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,



जहां डाक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है।कोहेफिजा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र हसवानी (74) न्यू बैरागढ़ क्षेत्र में रहते थे। सोमवार शाम वह ईसाई कब्रस्तान के पास कट पाइंट पर स्कूटर टर्न कर रहे थे, तभी बीआरटीएस लेन से गुजर रही तेज रफ्तार सिटी बस ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से बुजुर्ग रामचंद्र को सिर समेत शरीर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, परवलिया के तारासेवनिया गांव निवासी नाबालिग छात्रा ने रविवार शाम को घर में फांसी लगा ली। वह कक्षा 11वीं की छात्रा थी। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकेगा। परवलिया पुलिस के मुताबिक मुस्कान लोवंशी (17) तारासेवनिया स्थित एक फार्म हाउस में परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता इसी फार्म की देखरेख करते हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## उज्जैन और रतलाम विकास प्रधिकरण के अध्यक्षों को दिया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश सरकार ने राजनीतिक नियुक्तियों के क्रम में सोमवार को उज्जैन और रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। उज्जैन में श्याम बंसल को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक पोरवाल होंगे। प्रदेश सरकार ने उज्जैन और रतलाम विकास प्राधिकरणों के अध्यक्ष की नियुक्ति करने के बाद दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को इसके आदेश जारी कर दिए। दोनों का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक रहेगा। श्याम बंसल पहले भाजपा के उज्जैन ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष रहे हैं। पिछले लंबे समय से वे उपेक्षा के शिकार रहे हैं। पार्टी नेताओं के संज्ञान में आने के बाद बंसल का पुनर्वास किया गया। गौरतलब है कि रतलाम महापौर के चुनाव के दौरान अशोक पोरवाल टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने स्थानीय विधायक के दबाव में पोरवाल को टिकट नहीं दिया था।

# मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम मई के अंत में आने की संभावना

■ भोपाल, यशभारत।




मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। 19 लाख विद्यार्थियों की एक करोड़ 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से शुरू हुआ है।15 मार्च तक हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू हुआ था।आठ अप्रैल से दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया गया है।मूल्यांकन कार्य अब तेजी से जारी है।मूल्यांकन के पहले मंडल की कमेटी द्वारा हो चुके प्रश्न-पत्रों की जांच की।इसमें कई प्रश्नों में गलती निकली है।इसे लेकर मंडल ने कई विषयों में विद्यार्थियों को बोनस के अंक दिए है।10वीं के दो और 12वीं के चार प्रश्नपत्रों में बोनस अंक दिए गए हैं।बता दें, कि प्रदेश के 19 लाख विद्यार्थियों के एक करोड़ 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का का मूल्यांकन जारी है। 10वीं के सामाजिक विज्ञान में चार अंक, हिंदी में दो अंक दिए जाएंगे। वहीं बारहवीं के संस्कृत में चार अंक, हिंदी में एक अंक दिया जाएगा। इसी तरह भौतिकी में चार अंक व गणित में चार अंक मिलेंगे।

### आठ मई तक पूरा होगा मूल्यांकन

मंडल की 12वीं की परीक्षा पांच अप्रैल को समाप्त हुई है।अभी तक मूल्यांकन कार्य धीमी गति से चल रहा था। मूल्यांकन का दूसरा चरण जारी है।इसके बाद मूल्यांकन की गति में तेजी आएगी।मूल्यांकन कार्य आठ मई तक पूरा कर लिया जाएगा।इसके बाद 10वीं व 12वीं का परिणाम बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। करीब पांच दिन रिजल्ट बनाने में लगेंगे।मई के अंतिम सप्ताह तक परिणाम घोषित होने की संभावना है।

## बीआरटीएस मार्ग पर नहीं हो रहा सिग्नल का पालन

### मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

■ भोपाल, यशभारत।

संत हिरदाराम नगर के सीहोर नाके से लालघाटी तक बीआरटीएस मार्ग पर लगे कुछ ट्रेफिक सिग्नल खराब हैं। जो सिग्नल काम करते भी हैं, उनका पालन कोई नहीं करता। लो-फ्लोर बस चालक इसकी अनदेखी करते हैं। नतीजतन, आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इस संबंध में यातायात पुलिस से सवाल किया है कि सिग्नल की अनदेखी क्यों हो रही है।बैरागढ़ के सीहोर नाका क्षेत्र से हलालपुर, लालघाटी तक क्रासिंग प्वाइंट पर सिग्नल लगे हैं। बीआरटीएस मार्ग निर्माण के समय इनका पालन सख्ती से किया जाता था। बाद में इनकी देखरेख ही बंद कर दी गई। हाल ही में स्मार्ट सिटी शाखा ने सिग्नल सुधार कार्य किया है, लेकिन इनका पालन लो-फ्लोर बस चालक ही नहीं कर रहे हैं। इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। हलालपुर स्थित ईसाई कब्रिस्तान के पास का कट प्वाइंट सबसे अधिक खतरनाक हो गया है। यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कट प्वाइंट पर आरेंज सिग्नल लगाए गए हैं, यानी यहां आकर बसों को स्पीड कम करनी है, पर बस चालक ऐसा नहीं करते। संत कंवरराम चौराहा एवं बस स्टेंड चौराहे पर भी ट्रेफिक सिग्नल लगे हैं, लेकिन इनका पालन कोई नहीं करता। सिग्नल अक्सर खराब रहते हैं। कई बार चालू होते भी हैं तो सरकारी वाहन ही इसका पालन नहीं करते। चंचल चौराहा की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई है।

## 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त करने की मांग उठी

# कांग्रेस ने उठाई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने की मांग

■ भोपाल, यशभारत।

**प्रदेश में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने के साथ 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना भी कराई थी। इसके आंकड़े अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।**



देश में 56 प्रतिशत से अधिक आबादी पिछड़ा वर्ग की है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है। अरूण यादव ने भोपाल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता से जुड़े इस मुद्दे को उठाया है। प्रधानमंत्री पिछड़ों की बात तो करते हैं पर वास्तव में किया कुछ भी नहीं है। कांग्रेस के समय जो जातिगत जनगणना कराई गई थी, उसके आंकड़े सार्वजनिक करने पर रोक लगाकर रखी है। अब तक जारी नहीं किए हैं। आखिर इसमें समस्या क्या है। इसे क्यों छुपाया जा रहा है। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त क्यों नहीं किया जा रहा है। देश में पिछड़ों की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है, इनके लिए सरकार को एजेंड़ा क्या है, वह तो बताया जाए।

वहीं, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि देश में किस वर्ग की कितनी आबादी है, यह जानना हमारा अधिकार है। कांग्रेस ने 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग को दिया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिला। मध्य प्रदेश में इस वर्ग से तीन-तीन मुख्यमंत्री बने लेकिन केवल पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने का काम किया।27 प्रतिशत आरक्षण का मामला कोर्ट-कचहरी में ही उलझा हुआ है। इसके कारण प्रतियोगी परीक्षाएं अटकी हुई हैं।बेरोजगार परेशान हो रहे हैं। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भी आरक्षण को अटकाने का काम भाजपा ने किया और आरोप कांग्रेस पर लगाया जाता है। पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत हो या फिर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था।

## एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले, सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**भोपाल, यशभारत।** गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि शांति के टापू मध्य प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। खंडवा में अशफाक पर रासुका की कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मध्य प्रदेश में दिवास्वप्न देख रहे हैं।विधायकों की बगावत के चलते ही प्रदेश में पहले कांग्रेस की सरकार चली गई और आज भी वहां भगदड़ के हालात हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस च्वचन पत्रज नहीं च्वोट वचनज बना रही है।

# 6 माह में 46 को रोजगार, दिसंबर तक 100 का लक्ष्य

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा एसीसी का रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट

कैमोर( यशभारत ) । पिछले साल 2022 से अडानी समूह का हिस्सा बन चुकी एसीसी ने ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षित महिलाओं को स्थाई रोजगार उपलब्ध करा कर आत्मनिर्भर बनाने और समाज मे सम्मान सहित जीवन जीने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इंडिविलेज फाउंडेशन के साथ मिलकर अक्टूबर 2022 से रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी । इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट को शुरू कराने में एसीसी ट्रस्ट के तहत संचालित सीएसआर विभाग की मुखिया एनेट एफ विश्वास की अहम भूमिका रही । इस पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से पिछले 6 महीने से भी कम अवधि में कैमोर एवं अमेहटा प्लांट के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 46 युवतियों को स्थाई रोजगार प्रदान किया गया है जिसमें अपने घर से ही काम करते हुए वे 11 हजार से लेकर 22 हजार तक का वेतन प्राप्त कर अपना और अपने परिवार का सम्मान सहित भरण पोषण कर पा रहीं हैं । अडानी सीनियर मैनेजमेंट द्वारा इस पायलट प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ाते हुए इस साल के अंत तक 100 युवतियों को रूरल बीपीओ के तहत स्थाई रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । अडानी एसीसी ट्रस्ट की मुखिया एनेट एफ विश्वास अपनी टीम के साथ मिलकर इस लक्ष्य को पूरा करने में जुट गई हैं ।



इस सम्बंध में जानकारी प्रदान करते हुए ट्रस्ट की मुखिया श्रीमती विश्वास ने यशभारत को जानकारी देते हुए बताया कि एसीसी ट्रस्ट द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल संरक्षण, पशु नस्ल सुधार, उद्यमिता विकास सहित रोजगार के लिए सीएसआर की विभिन्न परियोजनाओं के तहत निरंतर गतिविधियों का संचालन किया जाता है। महिलाओं को सिलाई सहित अन्य कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिया जाता है। इन गतिविधियों के अलावा एसीसी की मंशा यह भी थी कि कैमोर और अमेहटा प्लांट के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली शिक्षित महिलाओं को उनके घर पर ही कोई ऐसा रोजगार दिया जाये जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। इस मंशा को पूरी करने के उद्देश्य से पिछले साल महिलाओं पर केंद्रित रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। पायलट प्रोजेक्ट को सफल बनाने इंडिविलेज फाउंडेशन से भी साझेदारी की गई।

### 20 युवतियों को शामिल किया गया था पहले बैच में

रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट के लिए सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों से 20 युवतियों का चयन पहले बैच के लिए किया गया था। इन युवतियों को 3 महीने तक वर्ल्ड ऑन व्हील पर इंडिविलेज टेक सॉल्यूशन की एक्सपर्ट टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एक युवती का चयन टीम लीडर के रूप में हुआ। शेष 19 युवतियों को प्रशिक्षण के पश्चात डाटा प्रोसेसिंग एनालिस्ट डीपीए के रूप में नियुक्ति दी गई। अब ये सभी युवतियां अपने घर पर ही काम करते हुए 11 हजार से 22 हजार मासिक वेतन प्राप्त कर रहीं। इस अनूठे इनोसेटिव प्रोजेक्ट के साथ 15 अप्रैल 2023 तक 46 युवतियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण में रहते हुए स्थाई रोजगार प्रदान किया जा चुका है। अडानी एसीसी सीनियर मैनेजमेंट एवं इंडिविलेज फाउंडेशन ने दिसम्बर 2023 तक इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत 100 युवतियों को स्थाई रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है जिसे पूरा करने के लिए ट्रस्ट की टीम प्रतिबद्ध है।

### प्रिया और प्राप्ति के लिए जीने का सहारा बना पायलट प्रोजेक्ट

विजयराघवगढ़ निवासी 23 वर्षीय प्रिया बड़गैंया और देवरी मझगवां निवासी 22 वर्षीय प्राप्ति त्रिवेदी के लिए यह यह रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट वरदान साबित हुआ है। प्रिया बड़गैंया ने ग्रेजुएशन के बाद एमबीए एचआर की डिग्री हासिल की थी। पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह कहीं बाहर रोजगार तलाश नहीं कर पाई। कोविड महामारी में उसने अपने पिता को भी खो दिया। परिवार में और कोई कमाने वाला नहीं था तब यह पायलट प्रोजेक्ट प्रिया का सहारा बना। टीम लीडर और मेंटर बन कर प्रिया आज 22 हजार के मासिक वेतन पर काम कर रही। देवरी मझगवां निवासी प्राप्ति त्रिवेदी ने तो 13 साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। परिवार आर्थिक संकट में था इसके बाद भी प्राप्ति ने किसी तरह ग्रेजुएशन और फिर पीजीडीसीए कर लिया था। अब वह रूरल बीपीओ में घर बैठे चिकित्सा, कृषि और ई कामर्स परियोजना सम्हाल रही। ऐसी युवतियों की संख्या 15 अप्रैल तक 46 हो चुकी है आने वाले कुछ महीनों में यह संख्या 100 तक पहुंच जायेगी।

### वर्ल्ड ऑन व्हील पर शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट

रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ 22 अक्टूबर को जिले के तत्कालीन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में वर्ल्ड ऑन व्हील पर हुआ था। एच पी डब्लू ओ डब्ल्यू ओ डब्ल्यू एक वातानुकूलित बस वाहन है जिसमें इंटरनेट सेवा सहित 20 कम्प्यूटर लगाये गए हैं। यह वाहन पायलट प्रोजेक्ट के लिए डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है।यह रूरल बीपीओ प्रोजेक्ट इंडिविलेज टेक सॉल्यूशन एलएलसी द्वारा संचालित है। यह इंडिविलेज फाउंडेशन की एक ईकाई है जो एक्सपर्ट डाटा एनोटेशन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फील्ड पर काम करती है। इन फील्ड्स पर काम करने से पहले चयनित युवतियों को वर्ल्ड ऑन व्हील पर इंडिविलेज टेक सॉल्यूशन एलएलपी की विशेषज्ञ टीम द्वारा 15 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

### युवा नीतियों के बारे में दी जानकारी



कटनी,यशभारत। साईंनाथ इंस्टीट्यूशन, मुरावल में 14 अप्रैल को मध्यप्रदेश की युवा नीति 2023 के प्राचार-प्रसार के लिए आचार्य मनीष तिवारी द्वारा छात्र/छात्राओं को युवाओं से संबंधित नितियों के बारे में व्याखान दिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्थान के समस्त छात्र/छात्राओं शिक्षक एवं ज्वांट डायरेक्टर दीपक माथुर की उपस्थिति रही।

### सियाबाई ने कहा- कलेक्टर साहब ने मेरे दर्द को समझा...मेरे लिए वे देवदूत हैं

## 4 साल से मदद के लिये दर-दर भटक रही सियाबाई को मिली 4 लाख की आर्थिक मदद

कटनी,यशभारत। सड़क हादसे में अपने पति उदय सिंह गोंड को खोने के बाद आर्थिक तंगी झेल रहे परिवार की आर्थिक मदद की आस में दर-दर भटकी विकासखंड बड़वारा के ग्राम पठरा निवासी सियाबाई गोंड को कलेक्टर अवि प्रसाद की संवेदनशीलता और सार्थक प्रयास की वजह से साढ़े 4 साल के लंबे अंतराल के बाद अंततः मुख्यमंत्री जन कल्याण ( संबल ) योजना से 4 लाख रूपये की आर्थिक मदद मिल गई। संबल योजना से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता पाकर प्रफुल्लित सियाबाई ने रूंधे गले से कहा कि- हर तरफसे मदद की उम्मीद छोड़ चुकी थी, कई दफ्तरों के साढ़े 4 साल तक चक्कर लगाये, लेकिन कोई हल नहीं निकला। वो तो भला हो कलेक्टर श्री प्रसाद का जिन्होंने मुझ गरीब की बात पठरा गांव में सुनी और मुझे आर्थिक मदद दिलवाया.....वे मेरे लिये साक्षात देवदूत हैं।



सियाबाई बताती है कि कलेक्टर श्री प्रसाद का 16 मार्च को पठरा में अमृत सरोवर का निरीक्षण करने आना मेरे लिए वरदान बन गया। मैने उनसे अपनी पूरी समस्या बताई कि मेहनत-मजदूरी करने वाले मेरे पति की मृत्यु अक्टूबर 2018 में हो गई थी। उसके बाद से मैने कई दफ्तरों के चक्कर लगाये लेकिन मुझे संबल योजना के तहत अपात्र घोषित कर लाभ नहीं दिया गया। सियाबाई ने कहा कि कलेक्टर ने उनकी पूरी बात बड़े धैर्य से सुनी, घर-परिवार के बारे में पूंछा, राशन-पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। तभी मुझे विश्वास हो गया था कि मेरे अपने परिवार के सदस्य की तरह बड़े अपनेपन से घर-परिवार की जानकारी ली है तो कलेक्टर मेरी मदद जरूर करेंगे और सोमवार को पंचायत सचिव सुनील कुशवाहा से संबल योजना से 4 लाख रूपये की मदद मंजूर होने और खाता में पैसे जमा होने की सूचना पाकर कलेक्टर साहब के प्रति मेरा भरोसा एवं विश्वास और बढ़ गया है। पठरा भ्रमण के दौरान कलेक्टर के संज्ञान में यह मामला आते ही उन्होंने सियाबाई के मामले का पुर्नपरीक्षण कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। स्वयं समय-सीमा बैठक में निरंतर इस प्रकरण की समीक्षा की।

### मिल रहीं सभी सुविधायें

सियाबाई गोंड को निःशुल्क राशन का लाभ मिल रहा है। संबल योजना का श्रमिक कार्ड और 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज का आयुष्मान कार्ड भी बना है। कल्याणी पेंशन सहायता भी मिल रही है और हाल ही में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में भी सियाबाई ने फार्म भरा है।

### पढ़ रहीं बेटियॉ

सियाबाई की दो बेटी और दो बेटे हैं। बेटे तो मजदूरी कर रहे हैं लेकिन वे अपनी दोनों बेटियों को पढ़ा रही हैं। बड़ी बेटी 11 वीं और छोटी बिटिया दसवीं में पढ़ रही है।



## बरही परीक्षा केंद्र में बीएससी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ

कटनी,यशभारत। शासकीय महाविद्यालय बरही में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होने वाली बी एस सी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं प्रातः पाली में सुबह 7 बजे से 10 बजे से प्रारंभ हुई। प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के निर्देशन, परीक्षा प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न कराई जा रही हैं। परीक्षा प्रभारी एवं सहयोगियों के द्वारा महाविद्यालय की व्यवस्था तथा कमरों के सिटिंग प्लान का निर्धारण किया गया एवं परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड के साथ ही परीक्षा केंद्र में में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने के साथ ही मोबाइल को बैग के साथ निर्धारित स्थान पर रखने के लिए आदेशित किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा, परीक्षा प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. एस एस धुर्वे, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, मनीष मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी, श्रीमती रूपा शर्मा, श्रीमती अनीता सिंह, मनोज कुमार चौधरी, पवन दुबे, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, राजेन्द्र साकेत, चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि, शुभम, अनिल, शिव कुमार, विनोद तथा स्टॉफके अन्य सदस्यो ने विद्यार्थियो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी है।

### कलेक्टर नें अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## सीएम हेल्पलाइन व न्यायालयीन प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

कटनी,यशभारत। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय - सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु एस.डी.एम विजयराघवगढ, आयुक्त नगर निगम, सी.एम.एच.ओ.जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम विभाग, नान, लीड बैंक मेनेजर सहित वित्त संबंधी शिकायतों का जिला कार्यालय लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करानें के निर्देश दिए। इस दौरान दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। समय- सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा जिले के विभिन्न विभागों जनपद पंचायत कटनी, विजयराघवगढ़, नगर निगम, स्कूल शिक्षा विभाग, उर्जा विभाग, खाद्य विभाग, आबकारी विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ऐसे लंबित न्यायलयीन प्रकरण जिनमें जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है जवाबदावा प्रस्तुत करनें तथा जवाबदावा की प्रति से अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद नें कहा कि विभागीय अधिकारी रोजाना अपनें विभागों से संबंधित लंबित विभिन्न प्रकार के न्यायालयीन प्रकरणों हेतु ओ.आई.सी नियुक्त कर ओ.आई.सी वार प्रकरणों की समीक्षा कर नियमानुसार कार्यवाही करें, इस कार्य में लापरवाही बरदास्त नहीं की जावेगी। समीक्षा के दौरान न्यायलयीन प्रकरणों पर समय-सीमा में कार्यवाही हेतु विभागों को अधिकारी नियुक्त कर उनके नाम एवं नंबर की जानकारी से अवगत करानें के निर्देश दिए। समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर नें आवासीय भू- अधिकार की प्रगति, दूरसंचार नीति के संबंध मे लंबित प्रकरणों एवं नवीन प्रकरणों का निराकरण कराने, सुराज योजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने, मीसाबंदी परिवार को स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने, नगरीय क्षेत्र में अनाधिकृत कॉलोनियों के संबंध में ले-आउट तैयार करने, लैण्ड बैंक की स्थापना किये जाने, भू-दान बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जे के संबंध मे, आयुष्मान भारत का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने, आयोग से प्राप्त शिकायतों के निराकरण सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा की जाकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। जिले मे रासायनिक उर्वरकों डी.ए.पी, यूरिया, आदि की जानकारी ली जाकर यूरिया के रैक लगवाने हेतु पत्राचार करने के निर्देश विपणन अधिकारी को दिए।





## महाविद्यालय स्तरीय कबड्डी की प्रतियोगिता

कटनी,यशभारत। साईंनाथ इंस्टीट्यूशन 3 अप्रैल को मुरावल के परिसर में महाविद्यालय स्तरीय कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें रेड हॉउस, यलो हॉउस, ग्रीन हॉउस एवं ब्लू हॉउस के प्रतिभागियों ने बडे जोश एंव उत्साह के साथ अपना प्रदर्शन दिया, जिसमें फाइनल मैंच रेड हॉउस एवं यलो हॉउस के मध्य हुआ, जिसमें रेड हॉउस विजेता रहा। विजेता एवं उपविजेता दल के प्रतिभागियों को संस्थान के संचालक द्वारा पुरूष्कार एवं प्रमाण-पत्र दिया गया।



### जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी किया आदेश

## खुले बोरवेल तथा कुएं -बावड़ियों को पाटकर करें सुरक्षा के इंतजाम

कटनी,यशभारत। मानव जीवन की सुरक्षा और लोकहित मे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने आदेश जारी कर जिले के अंतर्गत कुओं बावड़ियों या इस प्रकार की संरचनाओं पर हुए अवैध अतिक्रमण की जांच कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जारी आदेश मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पचायत कटनी, आयुक्त नगर निगम कटनी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी कैमोर, विजयराघवगढ, बरही को जिले अंतर्गत स्थित सभी कुआं बावड़ियों या इस प्रकार की संरचनाओं पर हुए अवैध निर्माण, अतिक्रमण तथा कमजोर बनाकर या अन्य किसी प्रकार से असुरक्षित स्थिति में लाया गया हो तो जांच कर सुरक्षित कराये जाने हेतु आदेशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश मे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे बोरवेल जिनकी केसिंग पाईप निकालनें के कारण मिटटी धसक जाने से खतरनाक हो जाते हैं तथा ऐसे बोरवेल में बच्चों के गिर जाने की घटनाएं हो जाती



हैं। इसी प्रकार कुंओं तथा बावड़ियों के ऊपर फर्शी गार्डर डालकर अथवा सीमेंट कांक्रीट निर्माण कर लिए जानें के कारण धसकने से गंभीर घटनाएं होनें तथा इन घटनाओं में आपदा प्रबंधन की आकस्मिक परिस्थितियाँ निर्मित होने से जनहानि की संभावनाएं बनी रहने का लेख किया जाकर नगर पालिक निगम एवं नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायतों के माध्यम से शासन के निर्देशानुसार उपरोक्त प्रकार के बोरवेल तथा कुओं एवं बावड़ियों के सर्वे का कार्य आगामी एक माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ऐसे भूमि स्वामी जिनकी भूमि पर उपरोक्त प्रकार के खुले बोरवेल अथवा बावड़ी पाई जाने पर उन्हें सूचीबद्ध करने तथा ऐसी संरचनाओं को पूर्णतः पाटने की कार्यवाही की किये जाने हेतु आदेशित किया है। निर्धारित समयावधि में उक्त कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर सम्बन्धित नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत को अनुविभागीय दण्डाधिकारी को लिखित सूचना देने, अनुविभागीय दण्डाधिकारी ऐसे खुले बोरवेल तथा कुएं बावड़ी से अवैध निर्माण को विधिवत हटाकर पाटने की कार्यवाही ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के माध्यम से सुनिश्चित करानें हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त कार्य में व्यय होने वाली सम्पूर्ण राशि भूमि स्वामी से वसूल करने तथा अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा ऐसे भूमि स्वामियों पर जिनके द्वारा निर्देशानुसार बोरवेल कुएं पाटने के निर्देशों का पालन नहीं किया है के विरुद्ध नियमानुसार आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करनें हेतु आदेशित किया है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 14th April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 14 to 20 April,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| Tu Jhoothi main Makkaar | 1.30.00 PM |
| Tu Jhoothi main Makkaar | 4.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 7.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 10.15.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| John Wick Chapter 4 2D Hindi | 1.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 4.00.00 PM |
| Bholaa 2D Hindi | 7.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 10.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| Bholaa 2D Hindi | 12.00.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 2.45.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 5.15.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 7.30.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 10.30.00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# विराट के अनफॉलो करने पर गांगुली ने लिया बदला, दोनों दिग्गजों के बीच शुरू हुआ नया बवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच लंबे समय से जो विवाद चल रहा है उसने अब एक नया मोड़ ले लिया है। हाल ही में जब दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम के बीच आईपीएल मैच हुआ था तो इन दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के साथ हाथ नहीं मिलाए थे, जिसके बाद विराट ने दादा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। अब विराट के इस फैसले के बाद गांगुली ने भी उनसे बदला लिया है।





### अब गांगुली ने उठाया ये कदम

अनफॉलो किए जाने के बाद सौरव गांगुली ने अब एक चौंकाने वाला कदम उठाते हुए अपनी इंस्टाग्राम फॉलो लिस्ट से विराट का नाम हटा दिया है। यानी कि इन दोनों दिग्गजों के बीच सोशल मीडिया पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दोनों ही खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया से भी एक दूसरे से नाता पूरी तरह खत्म कर लिया है। रिपोर्ट थी कि गांगुली पहले विराट को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे, लेकिन उनके अनफॉलो किए जाने के बाद दादा ने भी अब ये फैसला किया।

### विराट ने पहले गांगुली को किया था अनफॉलो

दिल्ली और आरसीबी के मैच में हाथ ना मिलाने वाले मामले के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम से सौरव गांगुली को अनफॉलो कर दिया था। जानकारी के मुताबिक पहले विराट सौरव गांगुली को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। लेकिन बाद में इस खिलाड़ी ने दादा को अपनी फॉलो लिस्ट से हटा दिया था। विराट के इस फैसले के बाद ही गांगुली ने उन्हें इंस्टाग्राम की अपनी फॉलो लिस्ट से हटाने का फैसला किया।

### विराट ने किया था गांगुली को इग्नोर

आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच के बाद विराट कोहली ने सभी से हाथ मिलाया लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली को इग्नोर कर दिया। साथ ही उन्होंने दादा से हाथ भी नहीं मिलाया। इस तनातनी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके बाद एक बार फिर से गांगुली और विराट के बीच कैप्टेंसी विवाद की बातें फिर से चर्चा में आ गई।

# न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज में वापसी की-पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंद में 3 विकेट खोकर बनाए सिर्फ 10 रन, 4 रन से हारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। शुरुआती दो मैचों को गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मुकाबले में वापसी की। इस मुकाबले में पाकिस्तान को 4 रन से हराया। मैच में पाक टीम क पलड़ा भारी था और उसे जीत के लिए आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे, पर जेम्स नीशम ने 2 विकेट लेकर बाजी पलट दी। पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बनाए और 3 विकेट खो दिए। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-2 से वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी।

### लाथम ने खेली कप्तानी पारी

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहला विकेट 20 रन पर ही गंवा दिए। ओपनर चैड बोवेस 9 गेंदों का सामना कर 7 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं लाथम ने कप्तानी पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 64 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लाथम के अलावा डैरिल मिचेल ने भी 33 रनों की पारी खेली। बाबर-रिजवान एक बार फिर फेल हो गए। पहले टी-20 में दोनों ने



जल्दी विकेट गवां दिया था, हालांकि पाकिस्तान को इस मैच में जीत मिली थी। वहीं दूसरे टी-20 में दोनों ने वापसी की थी। बाबर ने नाबाद 101 रन और रिजवान ने 50 रन की पारी खेली। वहीं तीसरे टी-20 में दोनों ने महज 17 रन के स्कोर पर अपना विकेट गवां चुके थे। पहले बाबर 6 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट रविंद्र रचिन ने मिल्ने के हाथों कैच कराकर लिया। आजम 6 गेंदों का सामना कर केवल 1 रन ही बना सके। वहीं रिजवान भी 17 रन के स्कोर पर आउट हो गए। रचिन के ही गेंद पर कप्तान लाथम ने स्टंप आउट किया। रिजवान 10 गेंदों का सामना कर 6 रन बनाए। हालांकि उसके बाद फखर जमान और सइम अयूब ने पारी को संभालने की कोशिश की। जमान ने 17 और अयूब 10 रन बनाकर आउट हो गए। इफ्तिखार अहमद और फहीम अशरफ ने पाकिस्तान की लड़खड़ाती हुई पारी को संभाला।



# टीम गोल्ड की रोमांचक खिताबी जीत

### 13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानी ताल मैदान पर खेली गई 13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी - 20 क्रिकेट टूर्नामेंटके फाइनल मैच में टीम ब्लू ने एक रोमांचक मैच में टीम गोल्ड को मैच के अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच से पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी और जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारी द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम गोल्ड ने सात विकेटों के नुकसान पर 132 रन बनाए जिसमें विपिन त्रिपाठी ने सर्वाधिक 60 रन और कुलदीप ने 20 रन बनाए टीम ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मनोज तिवारी ने तीन् विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लू ने निर्धारित लक्ष्य दो विकेट शेष रहते हासिल कर लिया टीम की तरफ से शरणजीत ने 56 और विकास नाथन ने 31 रन बनाए टीम गोल्ड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए एसएम शुक्ला ने तीन विकेट लिए टीम ब्लू के शरणजीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अनुनू द्वारा विजेता उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति राय अखिलेश चौबे संपूर्ण तिवारी आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे टीम ब्लू के शरणजीत को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बेस्ट बैट्समैन राहुल प्रताप और बेस्ट बॉलर अमित पांडे इमर्जिंग प्लेयर हरजोत और किशन को दिया गया इस् मौके पर टूर्नामेंट में सहयोग हेतु बाबा परसाई, रंजीत सिंह, पवन शर्मा, अमित, महेश श्रीवास, सौरभ दिक्षित, सौरभ सिंह संजय, संजय विश्वकर्मा आदि अधिवक्ता गण को सम्मानित किया गया।

# ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कोच बैक वोंग की भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले रिकर्व टीम के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कोच बैक वोंग की को मुख्य कोच नियुक्त किया है। लंदन ओलंपिक में महिलाओं की व्यक्तिगत और टीम वर्गो में अपने देश के दोहरे स्वर्ण पदक जीताने वाले दक्षिण कोरियाई कोच वोंग की मंगलवार से तुर्की के अंताल्या में सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण एक के साथ भारत के अपने कार्यकाल को शुरू करेंगे। वोंग इससे पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केन्द्र) का हिस्सा थे और अब उन्हें ओलंपिक तक का करार दिया गया है। यह 2014 एशियाई खेलों के बाद यह पहली बार है जब भारत ने किसी विदेशी कोच को नियुक्त किया है। भारतीय तीरंदाजी के हाई परफार्मेंस निदेशक और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संजीव सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में बताया, ''बैक वोंग की को भारत के रिकर्व टीम कोच बनाया गया है और वह एशियाई खेलों और उसके बाद ओलंपिक तक रहेंगे।'' एएआई ने इटली के दो बार के विश्व कप विजेता सर्जियो पगनी को भी अपने साथ जोड़ा है, जो तुर्की विश्व कप में कंपाउंड टीम का मार्गदर्शन करेंगे। पूर्व



विश्व चैंपियन 44 वर्षीय पगनी भारतीय कंपाउंड टीम के साथ 2018 से जुड़े हुए है। तब उन्होंने एशियाई खेलों से पहले एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था। संजीव सिंह ने कहा, ''भारतीय तीरंदाजों के साथ समझ और अनुभव को देखते हुए सर्जियो पगनी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आगामी विश्व कप इस जोड़ी के लिए पहली बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि भारत ने इस विश्व कप के लिए ज्यादातर जूनियर खिलाड़ियों को मौका दिया है। एशियाई खेलों (2010) के रजत पदक विजेता तरुणदीप राय, दो बार के ओलंपियन अतनु दास और विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम की तिकड़ी को छोड़कर भारतीय टीम में कुछ नये नाम है। भारतीय टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए हाई-प्रोफाइल कोरियाई पर सभी की निगाहें होंगी, जो दीपिका कुमारी, रिद्धि फोर और कोमलिका बारी जैसे बड़े नामों के बिना है, जो टीम में स्थान हासिल करने में विफल रही हैं। दीपिका ने कहा, ÷कोलकाता में ट्रायल के दौरान मैं वूंग की से मिली, वह सीओई का हिस्सा था और ऊर्जा और सकारात्मक वाइब्स से भरा हुए दिख रहे थे। मैं भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हूं।÷ जबकि रिकर्व पुरुष टीम राय और दास के अनुभव के आधार पर अपनी जीत की संभावनाएं तलाशेगी, सभी की निगाहें महिला टीम पर होंगी जहां अदिति जायसवाल अपना दूसरा विश्व कप खेलेंगी। कंपाउंड सेक्शन में जगह न पाने वाला वाला सबसे बड़ा नाम शीर्ष भारतीय, पांच बार के विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अभिषेक वर्मा (विश्व नंबर 13) हैं। कंपाउंड सेक्शन में पुरुष और महिला वर्ग में पदार्पण करने वाले दो-दो खिलाड़ी होंगे- ऋषभ यादव, ओजस देवताले, अदिति स्वामी और साक्षी चौधरी। ÷जूनियर आगे आ रहे हैं और अच्छा कर रहे हैं। वे कोलकाता और सोनीपत में दो चरणों के कठोर परीक्षण के माध्यम से आए हैं। हमें उनसे मजबूती से बाहर आने की उम्मीद है। हम देखना चाहते हैं कि वे मुश्किल लम्हों का कैसे सामना करते हैं। एक अच्छी शुरुआत (क्वालिफिकेशन में) उन्हें स्थापित करेगी÷ सिंह ने कहा।

## रंग संसार

# माधुरी दीक्षित ने एपल के सीईओ को खिलाया वड़ा पाव, टिम कुक ने कहा बहुत डिलीशियस है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित की एक तस्वीर ने सोशल मीडिया पर धमाका कर दिया है. दरअसल एक्ट्रेस की एक फोटो जमकर वायरल हो रही है जिसमें वह वड़ा पाव खाती दिख रही हैं और इस दौरान उनके साथ बैठे है ऐपल के सीईओ टिम कुक और उनके हाथ में मुंबई का ये स्वाद वाला खाना है. माधुरी दीक्षित ने एप्पल सीईओ का मुंबइया स्टाइल में वेलकम किया. माधुरी दीक्षित संग टिम कुक की एक फोटो काफी वायरल हो रही है जिसमें दोनों साथ में हंसते हुए नजर आ रहे हैं और खास बात ये रही कि फोटो में टिम के हाथ में वड़ा पाव दिखाई दे रहा है. माधुरी दीक्षित ने एप्पल सीईओ को खिलाया वड़ा पाव माधुरी दीक्षित ने अपने ट्विटर से ये तस्वीर शेयर की जिसे पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा- 'इससे बढ़िया और कुछ नहीं हो सकता कि मुंबई में आपका वड़ा पाव से स्वागत हो.' इस तस्वीर पर फैस से लेकर हर कोई जमकर कमेंट कर रहा है. ऐसे में एप्पल सीईओ टिम ने भी इस फोटो पर कमेंट किया. टिम ने माधुरी दीक्षित की इस तस्वीर पर जवाब देते हुए लिखा- 'शुक्रिया माधुरी दीक्षित मुझे अपनी जिंदगी के पहले वड़ा पाव से इंट्रोड्यूज कराने के लिए, वैसे ये बहुत डिलीशियस है.' बताया जा रहा है कि माधुरी और टिम ने मुंबई के शानदार फूड आउटलेट स्वाति स्नैक्स में इस वड़ा पाव का आनंद उठाया है.

### क्यों भारत आए हैं टिम कुक

एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक मुंबई में जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में पहला स्टोर खोलने के लिए तैयार हैं. टिम कुक के भारत आने पर कई बड़े सेलिब्रेटी उनसे मिल रहे हैं. अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने टिम कुक का मुंबई में शानदार स्वागत किया. मंगलवार को उद्घाटन से पहले कुक मुंबई में कंपनी के बीकेसी स्टोर भी गए. टिम कुक अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उप आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर से मुलाकात कर सकते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुक ने अंबानी के आवास एंटिला का दौरा किया, जहां उन्होंने रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी और रिलायंस रिटेल की चेयरपर्सन ईशा अंबानी से मुलाकात की है।

# बिना शादी मां बनने जा रही हैं इलियाना डिक्रूज, फैंस ने पूछा पिता कौन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलियाना डिक्रूज बॉलीवुड में कई सारी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, इलियाना डिक्रूज ने



अजय देवगन से लेकर रणबीर कपूर तक के साथ वो काम कर चुकी हैं. इसी बीच में एक्ट्रेस ने एक धमाकेदार न्यूज देकर हर किसी के होश उड़ा दिए है. दरअसल इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं. दरअसल, वो मां बनने वाली हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट शेयर करके दी है. दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ गुड न्यूज साझा की है. इस न्यूज के आने के बाद उनके फैंस उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं.

### मां बनने वाली हैं इलियाना डिक्रूज

मंगलवार सुबह इलियाना डिक्रूज ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की. पहली तस्वीर एक टीशर्ट की है, जिसमें लिखा है, एडवेंचर शुरू हो रहा है. वहीं दूसरी फोटो में एक पेंडेंट नजर आ रहा है, जिसमें ममा लिखा है. इस पोस्ट के कैप्शन में इलियाना ने लिखा, बहुत जल्द. तुमसे मिलने के लिए इंतजार नहीं कर सकती लिटिल डार्लिंग्स. इस खुशखबरी को शेयर करने के बाद इलियाना डिक्रूज के सोशल मीडिया पर कमेंट पर बाढ़ आ गई है और उन्हें मुबारकबाद दे रहे हैं तो कई सवाल कर रहे हैं कि इस बच्चे का पिता कौन हैं।

# किसी का भाई किसी की जान की एडवांस बुकिंग शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 4 साल के लंबे गैप के बाद सलमान खान स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ईद पर रिलीज हो रही है. इस फिल्म के ट्रेलर और गानों ने अब तक लोगों का दिल जीत लिया है. हालांकि हर किसी की नजर सलमान खान के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड पर है. खास बात ये है कि सलमान की ये फिल्म मल्टी स्टारा है और साथ ही वो कोरोना के बाद पहली बार पर्दे पर आने वाले हैं. ईद पर रिलीज हो रही सलमान की 'किसी का भाई किसी की जान' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसकी जानकारी खुद भाईजान ने दी है. ऐसे में जानें, सलमान खान की इस फिल्म के लिए पहले दिन कितनी हुई है एडवांस बुकिंग और कैसा रहेगा भाई का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन।

### फिल्म का बॉक्स ऑफिस हाल

अब इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर कुछ रिपोर्ट्स भी सामने आ रहे हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि अब तक सलमान खान की इस फिल्म के कितने टिकट बिक चुके हैं. बताया जा रहा है कि सलमान खान की इस फिल्म की एडवांस बुकिंग के लिए टिकट खिड़की सोमवार से खोल गई है. फिल्म का बॉक्स ऑफिस बताने वाली साइट सैकनिक पर बताया गया है कि सलमान खान की इस फिल्म के लिए पहले दिन की एडवांस ग्रॉस बुकिंग करीब 1 करोड़ रुपये की हुई है. जहां तक फिल्म के लिए बेचे गए कुल टिकट की बात हो रही है वो करीब 50 हजार बताए जा रहे हैं. हालांकि, ये डेटा अनुमानित है और अभी वास्तविक डेटा सामने नहीं आया है।

### फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई के मल्टीप्लेक्स और सिंगल थिएटर में वीकेंड पर 150 से 600 रुपये तक टिकट्स बेची गई हैं. वहीं, दिल्ली में टिकट के रेट 250 से 1200 रुपये तक है. एक्शन और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 21 अप्रैल को थिएटर्स में दस्तक देगी. फिल्म की रिलीज को बहुत ही कम दिनों का वक्त बचा है और ऐसे में एडवांस बुकिंग के पहले दिन के जो आंकड़े सामने आए हैं, वह कमाल के हैं. 'किसी का भाई किसी की जान' को फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स और जी स्टूडियोज ने किया है।

# क्या शहनाज गिल के प्यार में है राघव जुयाल? एक्टर ने कहा मेरे पास इन सबके लिए टाइम नहीं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बॉस फेम और इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली शहनाज गिल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खासी चर्चा में बनी हुई है. असल में सलमान खान ने कुछ दिनों पहले फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर शहनाज को मूव ऑन करने की सलाह दी थी. वहीं इस बीच उनकी डेटिंग की खबरें भी सुर्खियों में हैं और उनका नाम राघव के साथ जोड़ा जा रहा था. हालांकि, अब राघव ने अपने और शहनाज के रिश्ते पर खुलकर बात की है. तो आइए जानते हैं कि राघव ने अपने और शहनाज के रिश्ते पर क्या कुछ कहा है.





### मेरे पास वक्त नहीं है- राघव

राघव जुयल ने कहा, 'जो इंटरनेट की चीजें हैं, मेरे तक नहीं आ पाती हैं. मुझे नहीं पता कि वह सच है या झूठ. जब तक मैं देख ना लूं या सुन ना लूं. मैं फिल्म के लिए आया हूं और मैं चाहता हूं कि लोग मुझे बतौर एक्टर, डांसर और होस्ट देखे. मेरा काम बोले बस. बाकी ये सब चीजें (लिंक-अप), हैं, नहीं हैं और होगी भी नहीं, क्योंकि मेरे पास वक्त नहीं है. मैं डबल शिफ्ट काम कर रहा हूं. अभी मेरी हालत ऐसी है कि मुझे इन सब चीजों का वक्त ही नहीं. इसलिए मैं सिर्फ अपने काम और फिल्म के बारे में बात करना चाहूंगा, बस.' बता दें शहनाज और राघव की जोड़ी किसी का भाई किसी की जान में देखने को मिलेगी राघव और शहनाज गिल 'किसी का भाई किसी की जान' में बतौर कपल नजर आएंगे. दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. शूटिंग के दौरान कहा जा रहा था कि दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं. कई बार उन्हें साथ में घूमते हुए भी देखा गया. यहां तक कि सलमान खान ने ट्रेलर लॉन्च में सेट पर दिखी दो लोग के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली थी. हालांकि दोनों ही स्टार इस रिश्ते को सिरे से नकार रहे हैं.

### शहनाज को सलमान की मूव ऑन की सलाह

सिद्धार्थ और शहनाज की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद थी. इनके चाहने वाले इन्हें 'सिडनाज' कहकर पुकारते थे. हाल ही में सलमान खान ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी है और साथ ही शहनाज के फैंस को सलाह दी है कि वे अब 'सिडनाज' कहना छोड़ें. सलमान खान ने कहा, 'अब वह इस दुनिया में नहीं है. वह जहां भी होगा खुद भी चाहेगा कि इनकी जिंदगी में कोई आए. ये जिंदगी भर यह कुंवारी रहेगी क्या? आप लोग सिडनाज कहना छोड़िए और इसे मूव ऑन करने दीजिए।

# सिटी न्यूज

यश भारत 8

कटनी, बुधवार 19 अप्रैल 2023 फोन- 230033


## क्रिकेट सट्टा खिलाते चार गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** आईपीएल 2023 के तहत कल मंगलवार को मुंबई व हैदराबाद के बीच खेले गए क्रिकेट मुकाबले में क्रिकेट सट्टा खिला रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रंगनाथ नगर थाना पुलिस ने गड्ढा टोला निवासी नवीन कुमार कुशवाहा के मकान में दबिश देकर नवीन सहित आशीष सोनी, रवि बजाज व हनीश बजाज को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा है। मौके से 4 नग सट्टा पट्टी, 4 नग डाट पेन, 6नग मोबाईल, नगदी 2800 रूपये सहित कुल एक लाख का मसरूका बरामद किया है।

# स्टेशन में खड़ी मालगाड़ी से टकराई मालगाड़ी

### कटनी बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर स्टेशन में भीषण हादसा







## एक लोको पायलट की मौत, पांच घायल, एक की हालत नाजुक

**कटनी, यशभारत।** कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास आज बुधवार की सुबह सात बजे के लगभग दो मालगाड़ियों के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक मालगाड़ी के पावर (इंजन) में आग लग गयी। हादसे में एक लोको पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच अन्य के घायल होने की जानकारी मिली है। हादसे की जानकारी लगने के बाद डॉक्टरों का दल मौके पर पहुंचा। रेल प्रबंधन के स्थानीय स्तर के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दमकल की गाड़ियां भी मौके पर भेज दी गयी हैं। समाचार लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कटनी-बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर रेलवे स्टेशन की तीसरी लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी हुई थी, जिसमें कोयला लोड था। उसीदौरान बिलासपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी रेड सिगनल को तोड़कर आगे बढ़ी और तीसरी लाइन पर खड़ी कोयला लोड मालगाड़ी के पीछे से टकरा गई।

दुर्घटना में मालगाड़ी के कुल पांच इंजन क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिसके कारण इस रेलखंड पर गाड़ियों का आना-जाना प्रभावित हो गया है। लाइन क्लियर करने के लिए बिलासपुर व कटनी से मशीन बुलाई गई हैं। जिनकी मदद से राहत व बचाव का कार्य किया जा रहा है। रेल अधिकारियों ने देरशाम तक रेलखंड पर यातायात बहाल होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं दुर्घटना की खबर लगते ही मौके पर आरपीएफ व जीआरपी का बल भी रवाना हो गया है। इस भीषण रेल हादसे के कारण दोनों ओर की रेल आवाजाही फिलहाल बंद है। राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि मार्ग को ट्रेनों की आवाजाही के लिए प्रशस्त किया जा सके। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक इंजन के परखच्चे उड़ गए हैं। रेलवे के द्वारा हादसे की जांच शुरू कर दी गयी है।

### हादसे के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास हुए इस हादसे के चलते इस रेलखंड की लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री गाड़ियां प्रभावित हुई हैं। जिसमें हजरत निजामुद्दीन छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, चिरमिरी-कटनी मेमो, अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर-कटनी मेमू, बिलासपुर-शहडोल लोकल, इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। यात्रियों की सुविधाओं के लिए शहडोल रेलवे स्टेशन से बसों के माध्यम से उनके गंतव्य तक जाने की सुविधा रेल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के द्वारा की जा रही है। कटनी की ओर से बिलासपुर जा रही संपर्क क्रांति को शहडोल में ही रोक दिया गया है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने 15 बसों के जरिए पैसेंजर को शहडोल से बिलासपुर भेजने की तैयारियां शुरू कर दी है।

### मशक्कत के बाद निकला लोको पायलट का शव

इस हादसे में जान गंवाने वाले लोको पायलट का नाम राजेश प्रसाद गुप्ता है। नगर पालिका की फायर टीम एवं रेलवे की रेस्क्यू टीम द्वारा करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद लोको पायलट का शव निकाला गया है। अभी भी घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेजा गया है, घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## फर्जी दस्तावेज से जमीन का सौदा करने के आरोपियों को कठोर कारावास

### मृतक के बना लिए थे दस्तावेज, फर्जी भूमि स्वामी बनकर बेच दी थी जमीन

**कटनी, यशभारत।** भू–माफियाओं द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार की धोखाधड़ी की गई थी। इस मामले में न्यायालय ने दोषी पाते हुए आरोपियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि थाना बड़वारा के अपराधिक प्रकरण में आरोपी बसाड़ी निवासी 32 वर्षीय राजा उर्फ रामकृष्ण पटेल, साईपुरम दुबे कालोनी निवासी 35 वर्षीय मनीष कुमार पांडेय, राममनोहर लोहिया वार्ड निवासी 38 वर्षीय नीरज गुप्ता, 36 वर्षीय पंकज गुप्ता व 36 वर्षीय सुमित गुप्ता ने मृतक की भूमि के कूटरचित दस्तावेज ऋण पुस्तिका, खसरा नकली, भूमि स्वामियों एवं गवाहों के कूटरचित दस्तावेज परिचय पत्र तैयार कर असली कृषक भूमि स्वामियों के स्थान पर नकली कृषक भूमि स्वामी एवं नकली साक्षीगण खड़ाकर बेईमानीपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कूटरचना करने के आरोप में धारा 420, 467, 468, 471 में दोषी पाते हुए न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को सजा सुनाई। आरोपी राजा को धारा 420 में 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड, आरोपी मनीष को धारा 420 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड, 467 में पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए का अर्थदंड, 468 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपए का अर्थदंड, 471 में दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

## 50 हजार कर्ज देकर सूदखोर ने वसूले ढाई लाख

### पीड़िता की शिकायत पर महिला सूदखोर पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** शहर व जिले में सूदखोरी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। एक बार फिर पुलिस ने सूदखोर महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन से सूदखोरी से परेशान महिला ने शिकायत की। एसपी ने तत्काल कार्रवाई कराते हुए सूदखोर पर एफआईआर दर्ज कराई है। कुठला थाना अंतर्गत चंडिका नगर निवासी पीड़िता दीपा तिवारी पति अवध तिवारी ने बताया कि लगभग 2 साल पहले घर की माली हालत खराब होने के कारण कालोनी में ही निवास करने वाली सरिता कनौजिया नामक महिला से 50 हजार रुपए का कर्जा लिया था। कर्जा देने के लिए सरिता कनौजिया ने हस्ताक्षर करा कर एक खाली स्टांप पेपर और दो बैंक चेक रखवा लिए थे। अब तक ढाई लाख रुपए सूदखोर महिला को दे चुकी है। इसके बाद भी 1 लाख 75 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि दीपा तिवारी की रिपोर्ट पर महिला सूदखोर सरिता कनौजिया के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## दिनदहाड़े मकान से 60 हजार के जेवर ले गए चोर

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत बिछियाकाप मोहल्ले में अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े एक मकान में धावा बोलकर अंदर से 60 हजार रूपए के जेवर लेकर चंपत हो गए। चोरी गए जेवरों में दो जोड़ी चांदी की पायल, दो मंगलसूत्र, कान की झुमकी सोने की, मनचाही गुरिया सोने की, चांदी की हाफ करधन शामिल है। पुलिस ने पीड़ित आलोक पिता सभापति तिवारी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 454 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।





































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)